www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
नई दिल्ली, शुक्रवार, 26 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -292 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



### शुभकामनाएं

गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशबन्धु परिवार की ओर से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

– संपादक

### आज अवकाश

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में शुक्रवार, 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। पाठकों को देशबन्धु का अगला अंक रविवार, 28 जनवरी को प्राप्त होगा।

– प्रबंधक



# मोदी-मैक्रों ने जयपुर में किया रोड़ शो

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार शाम को राजस्थान की राजधानी जयपुर शहर के परकोटे में रोड़ शो किया। मोदी एवं मैक्रों ने ऐतिहासिक जंतर मंतर के सामने से खुली जीप में सवार होकर जयपुर शहर के त्रिपोलिया बाजार गेट से निकलकर रोड़ शो शुरू किया और बड़ी चौपड़ पर हवामहल के सामने चाय पी और हवामहल को निहारा। इस दौरान मैक्रो ने कुछ खरीदारी भी की। रोड़ शो वाले मार्ग पर जगह-जगह मोदी एवं मैक्रों के पोस्टर लगाए गए है और चारों तरफ सजावट भी की गई हैं। रोड़ शो के मार्ग के दोनों और बड़ी संख्या में लोग दोनों बड़े नेताओं के स्वागत के लिए खड़े थे। इस दौरान ढोल नगाड़ों की आवाज के साथ लोगों ने हाथ हिलाकर एवं मोदी-मोदी के नारे लगाकर दोनों नेताओं का जोरदार स्वागत किया। इस पर मोदी एवं मैक्रों ने हाथ हिलाकर एवं हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्र को किया संबोधित

# भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पश्चिम से भी है प्राचीन



**आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में, प्रत्येक नागरिक के आवश्यक दायित्व हैं : द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लोकतंत्र के बारे में पश्चिमी देशों की अवधारणा से भी अधिक प्राचीन बताते हुए गुरुवार को कहा कि देश के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान, महत्वपूर्ण होगा। श्रीमती मुर्मू ने आज 75वें गणतंत्र की पूर्व संध्या पर देशवासियों के नाम अपने संदेश में कहा , गणतंत्र दिवस, हमारे आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों को स्मरण करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने अपने संबोधन में देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा,भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था,लोकतंत्र की पश्चिमी अवधारणा से कहीं अधिक प्राचीन है। इसीलिए भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। हमें अपने देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर मिला है। हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान, महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने इसके लिए सभी देशवासियों से संविधान में निहित मूल कर्तव्यों का पालन करने का अनुरोध करते हुए कहा, ये कर्तव्य, आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में, प्रत्येक नागरिक के आवश्यक दायित्व हैं।

**■ हमें अपने देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर मिला**

### राम मंदिर का भी जिक्र किया

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि 22 जनवरी को हम सबने अयोध्या में श्रीराम के जन्मस्थान पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश की सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। अब यह एक भव्य इमारत के रूप में खड़ा है, जो न केवल देश की शोभा बढ़ाता है बल्कि लोगों के विश्वास की अभिव्यक्ति के साथ-साथ न्यायिक प्रक्रिया में लोगों के भारी विश्वास का प्रमाण भी है।

## सार संक्षेप

### कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार फिर भाजपा में लौटे



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत समाज के नेता जगदीश शेट्टार फिर से भाजपा में शामिल हो गए हैं। सात महीने पहले अप्रैल 2023 में विधानसभा चुनाव का टिकट कटने से नाराज होकर वे भाजपा छोडकर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में उन्होंने दोबारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### खड़गे 15 तक 10 जगह करेंगे कार्यकर्ताओं को संबोधित



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने के काम में भी लग गई है और इसके लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अगले 20 दिन में देश के विभिन्न स्थानों पर 10 जगह पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

### दिल्ली में डीटीसी बस ने तीन साल के बच्चे को कुचला



**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में कथित तौर पर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस ने एक तीन साल के बच्चे को टक्कर मार दी। इस हादसे में बच्चे की मौत हो गई।

# कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल नहीं होंगे नीतीश

■ मुकुंद कुमार सिंह



**■ नीतीश बना रहे प्रधानमंत्री मोदी से नजदीकी**
**■ मोदी की सभा में शामिल होंगे बिहार के मुख्यमंत्री**

**पटना,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। बिहार में राजनीतिक बदलाव के आसार लगातार बढ़ते जा रहे हैं। एक और बड़ी खबर सामने आई है। नीतीश कुमार ने राहुल गांधी के बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने से इंकार कर दिया है, वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री 4 फरवरी को बेतिया आ रहे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे। राहुल गांधी की न्याय यात्रा 29 जनवरी से 31 जनवरी तक बिहार में रहेगी। 30 जनवरी को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में उनकी सभा होनी। कांग्रेस ने दावा किया था कि 30 जनवरी को पूर्णिया में होने वाली सभा में शामिल होने की सहमति नीतीश कुमार ने दे दी है, लेकिन अब इसकी पुष्टि हो गई है कि नीतीश राहुल गांधी की सभा में शामिल नहीं होंगे। नीतीश के सबसे करीबी माने जाने वाले मंत्री विजय चौधरी ने ने बात करते हुए कहा कि ये जरूरी नहीं कि दूसरी पार्टी के कार्यक्रम में नीतीश कुमार शामिल हों। क्या दूसरी पार्टी के नेता जेडीयू के कार्यक्रम में शामिल होते हैं।

पश्चिम बंगाल पहुंची 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

# यात्रा ने असम की राजनीति को बदला : राहुल

## भूपेन बोरा ने पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा

■ इकरार खान



**आज देश में अन्याय हो रहा है, इसलिए इंडिया एक साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ने जा रहा है : राहुल गांधी**

**आठ जिलों व दस लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेंगी यात्रा**

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी(देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 12वें दिन बृहस्पतिवार को असम से पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में प्रवेश कर गई। इस दौरान असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा। असम में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को मिले भारी जनसमर्थन का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ने असम की राजनीति को बदल दिया है। उन्होंने इसके लिए असम कांग्रेस के नेताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल को नेताजी सुभाष चंद्र बोस, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की भूमि बताया, जो प्रगतिशीलता, देशप्रेम और संघर्ष में अग्रणी है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के नेताओं व कार्यकर्ताओं का इस 'अभूतपूर्व स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद किया'। यात्रा का पश्चिम बंगाल में भी गर्मजोशी से स्वागत हुआ। कई किलोमीटर तक सड़क किनारे और घरों की छतों पर दोनों तरफ खड़े हजारों की संख्या में लोगों ने राहुल गांधी का भारत जोड़ो के गगनभेदी नारों के साथ स्वागत किया। इससे पहले बृहस्पतिवार सुबह राहुल गांधी असम की हलाकुरा ग्राम पंचायत कार्यालय के बाहर सैकड़ों की संख्या में एकत्रित महिलाओं से मिलने के लिए उनके अनुरोध पर बस से उतरे। उन्होंने महिलाओं के साथ बातचीत भी की।

मराठों का मुंबई मार्च जारी

# आज मुंबई पहुंचेंगे लाखों मराठे

**मुंबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। 'एक मराठा, लाख मराठा' के नारे लगाते हुए, लाखों मराठों ने गुरुवार सुबह पुराने मुंबई-पुणे राजमार्ग से होते हुए लोनावाला से मुंबई की ओर मार्च निकाला। पुणे पुलिस के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, शिवबा संगठन के नेता मनोज जारांगे-पाटिल और अन्य आयोजकों ने मूल नियोजित मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे से रास्ता बदल दिया। शुक्रवार की सुबह, लाखों मराठा अलग-अलग एंट्री प्वाइंट्स से मुंबई में आना शुरू कर देंगे। आयोजकों का दावा है कि समुदाय के तीन करोड़ लोगों ने मार्च के आह्वान का जवाब दिया है और राज्य भर से लोग यहां एकत्र हो रहे हैं। जारांगे-पाटिल 20 जनवरी को जालना में अपने अंतरावली-साराटे गांव से शुरू होने के बाद से चल रहे हैं, उनका मकसद गणतंत्र दिवस पर देश की वाणिज्यिक राजधानी की घेराबंदी करने का है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मंत्री दीपक केसरकर और अन्य नेताओं ने मराठों से मुंबई तक अपना लॉन्ग मार्च वापस लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें कोटा देने के लिए सकारात्मक और प्रतिबद्ध है और इसकी घोषणा फरवरी में विधानमंडल के विशेष सत्र में की जाएगी।

# 66वीं जन्म जयंती



## स्व.दीपक सुरजन

(26 जनवरी 1958-6 नवम्बर 2022)


न च प्राणसंज्ञो न वै पञ्चवायुः न वा
सप्तधातुःन वा पञ्चकोशः ।
न वाक्पाणिपादं न चोपस्थपायु
चिदानंदरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥2॥

( न उसे प्राण कहा जाता है, न पाँच वायु, न सात तत्व, न पाँच कोष। मैं न वाणी हूं, न हाथ, न पैर, न पेट की वायु; मैं चैतन्य के आनंद का स्वरूप हूं। मैं शुभ हूं। )

देशबन्धु परिवार
पुण्य स्मरण करता है



उत्तराखण्ड शासन | आज़ादी का अमृत महोत्सव




# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।**

**पुष्कर सिंह धामी** मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।**

**नरेन्द्र मोदी** प्रधानमंत्री


केदारनाथ बदरीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए के पुनर्निर्माण/पुनर्विकास कार्य, चारधाम यात्रा के दौरान रिकॉर्ड 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।


मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।


पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन का अवार्ड।


**रेल कनेक्टिविटी :** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन, टनकपुर बागेश्वर रेल लाईन।


4000 से अधिक होम-स्टे विकसित, 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।


मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन।


**रोड कनेक्टिविटी :** चारधाम ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड व अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास।


**रोप-वे कनेक्टिविटी :** पर्वतमाला परियोजना, गौरीकुण्ड-केदारनाथ रोप-वे कनेक्टिविटी, गोविन्द घाट-हेमकुण्ड, सुरकण्डा देवी रोप-वे।


जमरानी बांध परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने दी मंजूरी।


ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के लिये 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू।


स्टेट मिलेट मिशन में स्थानीय कृषकों से झंगोरा, मंडुवा, सोयाबीन एवं चौलाई का उचित मूल्य पर क्रय।


राजकीय विद्यालयों के साथ राजकीय सहायता प्राप्त (अशासकीय) विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें।


2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलपमेंट।


मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।


राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।



अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलेण्डर रिफिल मुफ्त।

- देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून।
- लखपति दीदी योजना के तहत 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य।
- पलायन रोकने तथा रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने हेतु "मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना"।
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना व मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरू, एरोमा पार्क व एरोमा वैली।
- राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों के एक सदस्य को रोजगार तथा विशिष्ट सेवा मेडल अवार्ड राशि में बढ़ोत्तरी।
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत किसानों को 3 लाख और स्वयं सहायता समूहों को ₹ 5 लाख तक की धनराशि का ब्याज रहित ऋण।
- हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार पॉलीहाउस का बजट प्रावधान।
- राज्य के युवाओं के लिए "विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का गठन"।
- समान नागरिक संहिता के लिये प्रभावी पहल।
- अटल आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज।

**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी**

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

उल्टा पुल्टा

बेटा (अपनी मां से) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# राम राज्य से प्रेरणा लेकर काम कर रही है सरकार : केजरीवाल

## मुख्यमंत्री ने छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली सरकार राम राज्य से प्रेरणा लेकर अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं, वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन दे रही है तथा चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति और निशुल्क जलापूर्ति कर रही है। केजरीवाल ने कहा कि भगवान राम ने कभी जाति और धर्म के नाम पर कोई भेदभाव नहीं किया, लेकिन आज हमारा समाज उन आधार पर बंटा हुआ है। मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार की ओर से गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राम राज्य से प्रेरणा लेकर अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। भगवान राम ने कभी जाति और धर्म के नाम पर कोई भेदभाव नहीं किया, लेकिन आज हमारा समाज उन आधार पर बंटा हुआ है। केजरीवाल ने यह बात अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के कुछ दिन बाद कही। उन्होंने कहा कि राम राज्य से प्रेरणा लेकर प्रशासन चलाने में सातों दिन चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति भी शामिल है। इसका तात्पर्य बुजुर्गों का आदर भी है और हम उनकी पेंशन बढ़ाकर तथा उनके लिए निशुल्क तीर्थयात्रा की व्यवस्था कराकर, ऐसा कर रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें गरीबों तथा मध्यम वर्ग को निशुल्क जलापूर्ति मुहैया कराना भी शामिल है। हम सत्ता में आने के बाद से ही यह कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने कहा कि हालांकि दिल्ली पुलिस उनके नियंत्रण में नहीं है फिर भी आम आदमी पार्टी इन मुद्दों पर भी काम करने की कोशिश करती है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के संबंध में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा कि यह देश और पूरी दुनिया के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने जीवन में भगवान राम के जीवन के आदर्शों को चरितार्थ करना चाहिए।



भगवान राम ने कभी जाति व धर्म के नाम पर कोई भेदभाव नहीं किया लेकिन आज हमारा समाज उन आधार पर बंटा हुआ है : **अरविंद केजरीवाल**

### पिछले 75 वर्ष में गरीब और गरीब हुआ

केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर प्रत्यक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तब अच्छा है जब आर्थिक लाभ देश के सभी गरीबों तक पहुंचे। केजरीवाल ने कहा कि लेकिन अगर इसमें से चार हजार अरब एक या दो लोगों के पास ही रहेंगे तो देश गरीब ही रहेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 75 वर्ष में अमीर और अमीर हुआ है तथा गरीब और गरीब हुआ है।

# डेस्क पर बैठकर पढ़ेंगे निशुल्क शिक्षा ग्रहण करने वाले

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। गरीब, स्ट्रीट चिल्ड्रन, बेसहारा बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाने वाले बेटी फाउंडेशन के अध्यक्ष अनुज भाटी खास कर बेटियों को शिक्षित करने,शिक्षा की अलख जगाने का पिछले कई वर्षो से अपने अथक प्रयासों से कार्य कर रहे हैं, आज भी सैकड़ों बच्चे आईआईटी गेट दिल्ली, और हनुमान मंदिर कनॉट प्लेस में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अनुज भाटी ने बताया कि जहा पहले बच्चें पट्टियों पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करते थे, उन्हे ठंड के मौसम में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, अब साईं कॉर्प क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभय गुप्ता ने अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसिबिलिटी के निर्वाह का पालन करते हुए यहां पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल डेस्क और कुर्सियां दी है, जिस पर बैठ कर बच्चें शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। साई कॉर्प क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड के अभय गुप्ता ने बेटी फाउंडेशन की सराहना करते हुए बताया कि बेटी फाउंडेशन कई वर्षो से गरीब बच्चों को शिक्षित कर उन्हें समाज में मौलिक अधिकारों से जागृत कर रहे हैं इस लिए हमने भी उनकी शिक्षा जारी रहे इसके लिए उन्हें स्कूल डेस्क और कुर्सियां प्रदान की है जिससे भरी सर्दी में भी अपनी शिक्षा सुचारू रूप से जारी रख सके।



# एलजी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कैदियों को दी विशेष छूट

## अलग-अलग अवधि की सजा काट रही महिला कैदियों के लिए विशेष प्रावधान

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जेल में बंद कैदियों को सजा माफी में विशेष छूट दी है। यह सुविधा विभिन्न जेलों में 10 साल से ऊपर और एक साल तक की सजा काट रही महिलाओं सहित विभिन्न श्रेणियों के कैदियों को दी है। इस विशेष छूट देने के लिए एलजी ने सीआरपीसी की धारा 432 के तहत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग किया है। अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक सभी महिला कैदी और 65 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष 90 दिनों की छूट पाने के पात्र होंगे। वहीं 10 वर्ष से अधिक उम्र की सजा काट चुके कैदी को विभिन्न श्रेणियों में 20 से 90 दिनों तक की छूट मिलेगी। पांच साल या इससे अधिक और 10 वर्ष तक की सजा काट रहे कैदियों की श्रेणी में, 65 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष, सभी उम्र की महिलाओं को 60 दिनों की छूट दी जाएगी। 65 वर्ष से कम आयु के पुरुषों के लिए छूट की अवधि 45 दिन होगी। वहीं एक से अधिक और पांच वर्ष तक की सजा काट रहे सभी श्रेणियों के कैदियों को 30 दिनों की छूट दी जाएगी। एक साल तक की सजा, 65 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष कैदियों और महिला कैदियों को उम्र की परवाह किए बिना 20 दिनों की छूट मिलेगी, अन्य कैदियों को 15 दिनों की छूट मिलेगी। बता दें कि कैदियों को छूट देने के लिए गृह विभाग ने प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव के तहत गणतंत्र दिवस के अवसर पर पात्र कैदियों को विशेष छूट दी जाएगी। यह छूट ऐसे कैदियों को नहीं मिलेगी जिन्हें आजीवन कारावास या फांसी की सजा सुनाई गई हो। वहीं अन्य गंभीर मामलों में दोषी कैदी भी इस सुविधा के लाभ नहीं ले पाएंगे।



# लुधियाना, संगरूर और होशियारपुर में सिविल अस्पतालों का उन्नयन शुरू किया गया



**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। पंजाब राज्य भर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में, पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री श्री भगवंत एस मान. की अध्यक्षता में नवंबर, 2023 में चंडीगढ़ में एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक का प्राथमिक फोकस स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन और आधुनिकीकरण पर था, और परिणामस्वरूप, इस परिवर्तनकारी पहल का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी माननीय श्री को सौंपी गई है। संजीव अरोड़ा, सांसद, राज्यसभा। तीन सिविल अस्पतालों के उन्नयन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है और इस व्यापक वृद्धि के लिए लुधियाना, संगरूर और होशियारपुर के सिविल अस्पतालों को पहली पंक्ति में चुना गया है। इस पहल के निर्बाध कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, चिकित्सा परियोजनाओं और अस्पतालों के प्रबंधन में विशेषज्ञता वाली दिल्ली स्थित एक प्रमुख अस्पताल प्रबंधन कंपनी टीआर लाइफ साइंसेज की एक टीम को मौजूदा सुविधाओं का गहन अध्ययन करने का काम सौंपा गया है।


# निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों में लिया भाग



**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ईडीएमसी स्कूल चौहान बांगर और जाफराबाद मॉर्निंग एंड इवनिंग स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में चौहान बांगर वार्ड से निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी जुबैर ने विशेष अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया, व राष्ट्रगान जन गण मन गाया। इस मौके पर बाबरपुर ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी जुबैर अहमद, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेली गेट सैयद नासिर जावेद, युवा कांग्रेस सीलमपुर विधानसभा के अध्यक्ष जरार अहमद, हामिद अहमद, राव नावेद, शकील अहमद, असलम मलिक आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी जुबैर ने स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता सेनानियों के कड़े संघर्ष और बलिदान के बाद हमारा प्रिय देश भारत स्वतंत्र हुआ और हमें आजादी मिली। शगुफ्ता चौधरी ने स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि बच्चों की प्रस्तुति देखकर खुशी हुई।

# केंद्रीय बन्वेषण ब्यूरो के 31 अधिकारियों को विशिष्ठ सेवा पदक

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवन-2024 के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के 31 अधिकारियों व कार्मिकों को विशिष्ठ मेवा हेतु राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं सराहनीय सेवा हेतु पुलिस पदक प्रदान किए गए हैं। 6 अधिकारियों, कार्मिकों को विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रपति पुलिस पदक जबकि 25 अन्य अधिकारियों, कार्मिकों को सराहनीय सेवा हेतु विशिष्ठ सेवा हेतु राष्ट्रपति पुलिस पदक : अमित कुमार, भा. पु. सेवा, संयुक्त निदेशक, एसी (मुख्यालय), सीवीआई, नई दिल्ली (अब छत्तीसगढ़ पुलिस में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक) सुची विद्या जयंत कुलकर्णी, भा. पु. सेवा, संयुक्त निदेशक (चेन्नई जोन), सीबीजाई, चेनई थी जगरूप एम. गुसिंहा, पुलिस उपमहानिरीक्षक, ईओ-1, सीबीजाई, नई दिल्ली, मयूख मैत्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, एसयू, सीबीआई, कोलकाता सुभाष चंद्रा, सहायक उप निरीक्षक, एसी-1, बीबीआई, नई दिल्ली एवं श्रीनिवासन इह्निङ्गल बाहुल्यन, प्रधान सिपाही, एमसीबी, सीबीआई, तिरुवनंतपुरम। वीरेश प्रभु संगनकम, भा. पु. सेवा, पुलिस उपमहानिरीक्षक, बीएसएफबी, सीबीजाई, मुंबई॰ राघवेंद्र वत्स, भा. पु. सेवा, उपमहानिरीक्षक, एसी-1, सीबीआई, नई दिल्ली (अब गुजरात पुलिस में पुलिस महानिरीक्षक) सुची शारदा पांडुरंग राऊत, भा. पु. मेवा, पुलिस उपमहानिरीक्षक, ईओबी, सीबीआई, मुंबई प्रेम कुमार गौत्तम, भा. पु. सेवा, उपमहानिरीक्षक, एनयू, मीबीआई, नई दिल्ली (अब उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस महानिरीक्षक) मनोज चालादन, उप विधिक सलाहकार, एसीबी, सीबीआई, मुंबई थी श्रीनिवास पिल्मारी, प्रिन्सिपल सिस्टम एनालिस्ट, एनीबी, सीपीआई, कोलकाता श्री अमित विक्रम भारद्वाज, अपर पुलिस अधीक्षक, बीएसएफबी, सीबीआई, मुंबई, प्रकार कमलष्णा, पुलिस उपाधीक्षक, एमीबी, सीबीआई। कोचीन; के मधुसूदनन, पुलिस उपाधीक्षक, एसीबी, सीबीआई, विशाखापत्तनम: अजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, सीसी, नीति प्रभाग, सीबीआई, नई दिल्ली, आकांशा गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक, सीबीआई अकादमी, गाजियाबाद, बलविंदर सिंह, निरीक्षक, एससीबी, सीबीआई, चंडीगढ़। थी चिट्टि बाबू एन, निरीक्षक, एसीबी, सीबीआई, हैदराबाद। मनोज कुमार, निरीक्षक, सीबीआई (मुख्यालय), नई दिल्ली राहुल कुमार, निरीक्षक, ईओबी, गीबीआई, कोलकाता, राजीव शर्मा, निरीक्षक, सीबीआई (मुख्यालय), नई दिल्ली श्री एम.नन्द कुमार, सहायक उपनिरीक्षक, एमयू, सीबीआई, बेघई थी सुरेश प्रसाद जुक्ता, प्रधान सिपाही, एनीबी, सीबीआई, जबलपुर, श्री राजेश कुमार, प्रधान निपाही, सीबीआई (मुख्यालय), नई दिल्ली ओम प्रकाश दलीषा, प्रधान सिपाही, एसीबी, सीबीआई। जम्मू॰ रणधीर सिंह, प्रपान सिपाही, एसीबी, सीबीआई, जयपुर॰ पवन कुमार, सिपाही, एलसी-1, सीबीआई, नई दिल्ली॰ तेजपाल सिंह, सिपाही, नीति प्रभाग, सीबीआई, नई दिल्ली॰ थी अतुल सरीन, अपराध सहायक, नीति प्रभाग, सीबीआई, नई दिल्ली एवं श्री सुव्रत मोहंती, जानुलिपिक-11, एमीबी, सीबीआई, भुवनेश्वर।



उवाच

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों 500 वर्षों के इंतजार को समाप्त करके अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला के भव्य मंदिर का उद्घाटन और श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत पहला दौरा भी उत्तर प्रदेश की धरती बलुंदशहर में हो रहा है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री जी का आशीर्वाद और सानिध्य मिल रहा है। आप सभी उपस्थित बहनों-भाईयों और उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उनका स्वागत और अभिनंदन करता हूं।

**योगी, सीएम, उप्र**

# 2024 में 2014 और 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ बनेगी मोदी सरकार : योगी

**बुलंदशहर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने बुलंदशहर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। उन्होंने बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलंदशहर एवं मेरठ जनपदों में 20,700 करोड़ से अधिक की 46 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज मौसम की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री का बुलंदशहर की धरती पर आगमन हम सबके लिए एक प्रेरणा है कि बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके हमें विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए जुटना है। इसी संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए ये जनता जनार्दन यहां आपका मार्गदर्शन प्राप्त कर रही है। कुछ दिनों के बाद जब देश में आम चुनाव होंगे, तो ये ही जनता जनार्दन आपके साथ फिर से खड़ी होकर फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प को दोहराएगी। सीएम ने कहा कि आपके नेतृत्व में तीसरी बार फिर से देश के अंदर 2014, 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनेगी। इस अवसर पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री को भगवान श्रीराम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। वहीं ओडीओपी के अंतर्गत राम मंदिर के उकेरे गए चित्र वाली खुर्जा की सेरेमिक ट्रे भी भेंट की।





## नए भारत का दर्शन देखकर अचंभित है दुनिया

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों 500 वर्षों के इंतजार को समाप्त करके अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला के भव्य मंदिर का उद्घाटन और श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत पहला दौरा भी उत्तर प्रदेश की धरती बलुंदशहर में हो रहा है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री जी का आशीर्वाद और सानिध्य मिल रहा है। आप सभी उपस्थित बहनों-भाईयों और उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से उनका स्वागत और अभिनंदन करता हूं। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर विकास की प्रक्रिया के साथ तेजी से आगे बढ़ता हुआ राज्य है। ये जो कुछ भी हो पा रहा है, प्रधानमंत्री जी की कृपा, उनके आशीर्वाद, उनका मार्गदर्शन और नेतृत्व के कारण है। एक नए भारत के निर्माण के रूप में हम सब भारतवासियों को उनका सानिध्य प्राप्त हो रहा है। एक नए भारत का दर्शन न केवल 140 करोड़ देशवासी कर रहे हैं, बल्कि दुनिया भी इस अद्भुत, अविस्मरणीय और अलौकिक अवसर पर आज अचंभित है और भारत की ओर आकर्षित हो रही है। यह हम सबका सौभाग्य है कि हमारे पास प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जी जैसा लोकप्रिय नेतृत्व और उनका मार्गदर्शन हमको प्राप्त हो रहा है।

## रूफटॉप सोलर योजना और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के निर्णय पर जताया आभार

सीएम योगी ने रूफटॉप सोलर योजना के शुभारंभ और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न देने के प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी के निर्णय की भी खुले मन से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधामंत्री ने पिछले तीन दिनों में 2 महत्वपूर्ण निर्णय लिए। एक निर्णय था, एक करोड़ घरों तक रूफटॉप सोलर के लिए एक नई योजना का शुभारंभ। इस योजना



- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करने के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किया स्वागत**
- **बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलंदशहर और मेरठ में 20,700 करोड़ से अधिक की 46 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण**

का शुभारंभ उसी दिन हुआ है, जिस दिन अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की मंत्री अरुण सक्सेना, सांसद महेश शर्मा, डॉ. भोला सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, सतपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह नागर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह एवं भाजपा के पदाधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश की गवर्नर महामहिम आनंदीबेन पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर, बुलंदशहर से लोकसभा सांसद डॉ. भोला सिंह, गौतम बुध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, बुलंदशहर भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, ज़ेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह, सादर विधायक प्रदीप चौधरी, समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी ने भाग लिया।

**कुछ दिनों बाद जब देश में आम चुनाव होंगे, तो यही जनता जनार्दन फिर प्रधानमंत्री के साथ खड़ी होकर 'फिर एक बार मोदी सरकार' के संकल्प को दोहराएगी: योगी, सीएम**

## पश्चिमी उप्र को मिल रहा 21 हजार करोड़ की परियोजनाओं का उपहार

सीएम योगी ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आपका स्नेह प्रधानमंत्री जी को मौसम की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए दिल्ली से बाई रोड यहां तक ले आया है। आज दिल्ली से बाई रोड प्रधानमंत्री जी हमारे बीच में आए हैं। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले अयोध्या का अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय कार्यक्रम भारतवासियों और पूरी दुनिया ने देखा है। इस अद्भुत और अविस्मरणीय कार्यक्रम के बाद आज बुलंदशहर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। आज पौष पूर्णिमा भी है और इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के हाथों 21 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उपहार भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कोई सोचता था कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होगा। पहले तो मीटर गेज को ब्रॉड गेज करने में ही दिक्कत होती थी, पैसा ही नहीं मिलता था।

आज चौथी रेलवे लाइन का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री जी करने जा रहे हैं। फ्रेट कॉरिडोर के एक सेक्शन का उद्घाटन भी होने जा रहा है। इसके अलावा और भी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है। इसमें गरीबों के लिए आवासीय योजना हो, इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी फोर लेन, 6 लेन सड़कें हों, बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं हो, ये सभी नए भारत के अंदर बिना भेदभाव के मिलने वाली योजनाएं हैं जिनका लाभ लेकर आज हमारा भारत और उत्तर प्रदेश विकास की नित नई प्रतिमान स्थापित करके आगे बढ़ रहा है।

# पीएम मोदी की जनसभा में एक बार फिर छाया ग्रेटर नोएडा





**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में ग्रेटर नोएडा एक बार फिर छाया रहा। प्रधानमंत्री ने जिस आईआईटीजीएनल टाउनशिप को देश को समर्पित किया है, वह ग्रेटर नोएडा में ही स्थित है। करीब 1700 करोड़ रुपए की लागत की यह टाउनशिप देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक है।

इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड (आईआईटीजीएनएल) द्वारा करीब 750 एकड़ में विकसित किया गया है। इस टाउनशिप में अब तक 8 बड़ी कंपनियां निवेश कर चुकी हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मी मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग (एलईडी कंपनी), जे.वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स, गुरु अमरदास शामिल हैं।

इन कंपनियों की तरफ से अब तक 4000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है और 11000 युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह स्मार्ट टाउनशिप दुनियां के श्रेष्ठ मैन्युफैक्चरिंग शहरों को टक्कर दे रही है। इसमें उद्योग, व्यापार और कारोबार के लिए जरूरी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस टाउनशिप में उद्योगपतियों को निवेश का अवसर तो मिल ही रहा है। साथ ही शिक्षण संस्थान, बड़े कॉमर्शियल प्रोजेक्ट और रिहायश के क्षेत्र में भी निवेश के अवसर मिल रहे हैं। आईआईटीजीएनएल की तरफ से ग्रुप हाउसिंग और औद्योगिक निवेश के लिए भूखंडों की स्कीम भी लॉन्च की गई है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने ग्रेटर नोएडा की दो परियोजनाओं का लोकार्पण और दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। लोकार्पण की जाने वाली परियोजनाओं में करीब 20 करोड़ रुपए की लागत से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बालक इंटर कॉलेज से चार मूर्ति रोटरी तक और ग्रेजियानो रोटरी से हनुमान मंदिर रोटरी तक 60 मीटर चौड़ी सड़क की सर्विस रोड के रीसर्फेसिंग का कार्य तथा करीब 10.50 करोड़ रुपए की लागत से 130 मी रोड की रिसर्फेसिंग और नॉलेज पार्क- 5 से डीएससी रोड तक अवशेष सर्विस रोड का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने जिन दो कार्यों का शिलान्यास किया है, उनमें ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ चौक (चार मूर्ति चौक) पर अंडरपास और आठ स्थानों पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शामिल है। अंडरपास के निर्माण में लगभग 93.61 करोड़ और फुट ओवरब्रिज बनाने में लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत आएगी। ये आठ फुट ओवरब्रिज सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शॉपिंग कांप्लेक्स के सामने एपीजे इंटरनेशनल स्कूल के पास, ओमेगा शॉपिंग कांप्लेक्स के पास, कलेक्ट्रेट के सामने, दुर्गा टॉकीज जंक्शन के पास, सेक्टर 16 बी में एक मूर्ति गोलचक्कर के पास, निराला एस्टेट टाउनशिप और आर्था एसईजेड के बीच टेकजोन-4 में और सुपरटेक ईको विलेज व यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पास बनेंगे।



- **1700 करोड़ रुपए की आईआईटीजीएनएल के टाउनशिप देश को समर्पित**
- **पीएम ने ग्रेटर नोएडा की चार परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया**

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्यार्थियों ने गांव में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। जीएनआईओटी एमबीए संस्थान द्वारा 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' पर खैरपुर गुर्जर गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से मतदान की महत्वता के बारे में बताया। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मतदाताओं को 'मेरा वोट - मेरी पहचान', श्सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो, 'मतदान मेरा अधिकार' आदि के संदेश दिये गये। संस्थान के निदेशक डा. अंशुल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरुकता अत्यंत आवश्यक है। मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग सोच-समझकर करना चाहिए तथा किसी के प्रलोभन में न आकर स्वेच्छा से सोच-विचारकर योग्य व्यक्ति के पक्ष में मतदान करना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के नागरिक होने के नाते मतदान हमारा अधिकार है और सरकार निर्माण में मतदाताओं की मुख्य भूमिका होती है। इस अवसर पर संस्थान के डीन डा. पंकज सिन्हा, विभागाध्यक्ष डा. राजकुमार, डा. सुशील मौर्य तथा डा. पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। ईवीएम हटाओ संयुंक्त मोर्चा ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव ईवीएम वीवीपैट के बजाय बैलट पेपर से कराये जाने की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर ईवीएम हटाओ सयुंक्त मोर्चा के प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता रामशरण नागर, पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, भारत में लोकतंत्र स्थापित रहने के लिए चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी होने चाहिए। लेकिन ईवीएम से हो रही चुनाव में धांधली की प्रबल संभावना है। ऐसे में देश की जनता ईवीएम हटाकर वैलेट पेपर से चुनाव करना चाहती है। इस मौके पर एडवोकेट विनीत कुमार यादव ने कहा कि ईवीएम से छेड़छाड़ संभव है, ईवीएम हटने के बाद ही निष्पक्ष चुनाव हो सकेगा, तकनीकी रूप से सक्षम देश में भी ईवीएम छोड़कर बैलेट पेपर से चुनाव कराये जा रहे हैं। भारत में भी लोकतंत्र की रक्षा के लिए ईवीएम को प्रतिबंधित करके बैलेट पेपर से चुनाव कराने चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से अजय चौधरी एडवोकेट, विनोद लोहिया एडवोकेट, मुकेश सिसोदिया, राकेश गौतम एडवोकेट, नीरज भाटी एडवोकेट, अनीस अहमद, विपिन सेन, हैप्पी पंडित, सुनील भाटी, आदि मौजूद रहे।



# नोएडा एयरपोर्ट को समय से पूरा करने के लिए 2000 और श्रमिक बढ़ेंगे

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के निर्माण को समय पर पूरा कराने के लिए दो हजार श्रमिक और बढ़ेंगे। अभी सात हजार श्रमिक निर्माण कार्य में लगे हैं। फरवरी में ट्रायल रन और 30 सितम्बर तक एयरपोर्ट का संचालन शुरू होना है। उसी के अनुरूप तैयारी की जा रही है। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण चल रहा है। पहला चरण 1334 हेक्टेयर में विकसित किया जा रहा है। एयरपोर्ट को एक रनवे के साथ शुरू किया जाएगा। साइट पर रनवे, एटीसी टॉवर और टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। वर्तमान में सात हजार श्रमिक इसके निर्माण कार्य में लगे हैं। विकासकर्ता कंपनी और सरकार के बीच हुए अनुबंध में सितम्बर तक एयरपोर्ट का संचालन किया जाना है। समय पर संचालन शुरू कराने के लिए विकासकर्ता कंपनी दो हजार श्रमिक बढ़ाएगी। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के मुताबिक, फरवरी में एयरपोर्ट का ट्रायल रन शुरू किया जाना है। इसकी भी तैयारी चल रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि समय पर एयरपोर्ट का संचालन शुरू करने के लिए मानव संसाधन बढ़ाया जा रहा है। तय कार्ययोजना के मुताबिक काम चल रहा है।

- **एयरपोर्ट का फरवरी में ट्रायल और 30 सितम्बर तक शुरू होगा संचालन**

# राष्ट्रीय सम्मेलन में दो सौ से अधिक प्रस्तुत किए गए शोध-पत्र




**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। आईआईएमटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और आईआईएमटी कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक में रिसेंट इन्नोवेशन एण्ड इवोल्यूशन इन इंजीनियरिंग, साइंस एण्ड मैनेजमेंट विषय पर संयुक्त रूप से नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में 200 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए और उन्हें एक सम्मेलन सार-संग्रह में संकलित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति बीएस राजपूत और मुख्य वक्ता के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नवेद जाफर रिजवी ने भाग लिया। इस मौके पर 200 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किये गए। नेशलन कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने सम्बोधन में बीएस राजपूत ने कहा कि छात्रों को अनुसंधान की तरफ ध्यान देना होगा। तकनीकी विकास के लिए शिक्षकों और छात्रों को गंभीर होकर चिंतन करना चाहिए। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नवेद जाफर रिजवी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को इंजीनियरिंग में आधुनिक पहलुओं बारे सीखने का मौका मिलेगा। इसी के साथ ही बताया कि छात्रों को अपनी काबलियत और अपनी ऊर्जा का सही दिशा में करना चाहिए। इसके लिए छात्र अपने शिक्षकों से मदद ले सकते हैं। इस अवसर पर आईआईएमटी कॉलेज समूह के निदेशक के.के. पालीवाल, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डॉयरेक्टर डॉ. एस.एस. त्यागी, कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के डॉयरेक्टर प्रो. उमेश कुमार,डॉ. भास्कर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जिला कारागार में निरुद्ध किशोर आपचारियों के लिए चल रहा है अभियान

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की तरफ से सम्पूर्ण भारत वर्ष में कारागारों में निरुद्ध किशोर आपचारियों के लिए 24 से 27 जनवरी तक अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करना है जो अपराध होने के समय सभावित रुप से नाबालिक थे तथा वह किशोर होने का दावे के लिए सहायक दस्तावेज दाखिल करने हेतु विधिक सहायता पाना चाहते हैं। इस अभियान के तहत ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह किशोर में नामित पैनल अधिवक्तागण एवं एलएडीसीएस के अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित कैम्पेन के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी गई तथा उनको किशोरों को चिन्हित करने एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ एलएडीसीएस के अधिवक्तागण, राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह में नामित पैनल अधिवक्तागण उपस्थित हुए।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

# खो-खो व एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा विजडम स्कूल ग्रेटर नोएडा में बालक एवं बालिका सीनियर वर्ग में खो खो एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि खो खो प्रतियोगिता में जिले की बालकों में कुल 8 टीमों ने तथा बालिकाओं में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया बालिका वर्ग में नोएडा एडुकेशन एकेडमी प्रथम एवं विज्डम स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में एन एस एकेडमी प्रथम एवं एम आई एस टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ अनिता नागर एवं प्रधानाचार्य द्वारा किया गया एवं समापन जिला खो खो संघ के अध्यक्ष द्वारा किया गया।



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# बसंत पंचमी पर होगा सामूहिक विवाह, वर-वधू को मिला शादी का जोड़ा

**ग्रेटर नोएडा,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। श्री बालाजी मानव सेवा समिति विगत वर्ष की भांति इस वर्ष बसंत पंचमी पर 16 कन्याओं का सामूहिक विवाह आयोजित किया जाएगा। स्वागत बारात 14 फरवरी 2024 को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित होगा। बुधवार की शाम को वर वधु को वैवाहिक दुल्हन का राजस्थानी लहंगा चुन्नी एवं दूल्हे के कोट पैंट के कपड़े भेंट किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक संयोजक सतेन्द्र राघव ने कहा कि शादी से लगभग 20 दिन पहले वधू को वैवाहिक वस्त्र लहंगा चुन्नी एवं वर को कोट पैंट का सेट दे रहे हैं, जिससे वह अपना फिटिंग करवा लें। हर साल वसन्त पंचमी को हमारी संस्था सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करती है इस कार्यक्रम की झलक ग्रेटर नोएडा के लिए ही नहीं बल्कि आस पास के जिलों के लिए मिशाल बन चुकी है। पिछले वर्ष 21 जोड़ों ने सात फेरों के साथ बडी धूम धाम से राजसी ठाट में अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की थी। वो सभी खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस बार मध्य प्रदेश से चलकर आएगी दिव्यांग बेटी रूपा जिसके सपने होंगे साकार, खुर्जा की सुजाता बिना मां बाप की बेटी की सजेगी डोली ऐसी अनेकों बेटियां है इस समारोह के माध्यम से अपने वैवाहिक जीवन की दूल्हा और दुल्हन के रूप में करती है शुरुआत। इस समारोह के मुख्य आयोजक सहयोगी श्री बालाजी मानव सेवा समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल व उनकी धर्म पत्नी पूनम अग्रवाल, संस्था के संस्थापक सतेन्द्र राघव पत्नी प्रतिमा राघव कोषाध्यक्ष मनोज सिंघल पत्नी रेनू सिंगल कुलदीप शर्मा, मुकेश यादव, प्रमोद चौहान आदि सभी मिलकर अपनी बेटी की तरह सम्पूर्ण वैवाहिक कार्यक्रम को सम्पन्न कराएंगे। साथ ही समाज के अन्य बंधुओं का भी बड़ा सहयोग रहेगा।



- **श्री बालाजी मानव सेवा समिति लगातार तीसरी बार गरीब कन्याओं का करा रहा है विवाह**

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नौएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्व नगर उ0प्र0।
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि D01 आवासीय भूखण्डों की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या C-183, Area-60 Sqmt., Sector-Delta-01, Allotment No.- D0131605 Greater Noida के आवंटी Sh. Sunil Kumar Sharma S/o Sh. Bhudev Sharma के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Sh. Sunil Kumar Sharma S/o Sh. Bhudev Sharma की मृत्यु दिनांक 26.10.2019 को हो गयी है। मृतक आवंटी की पत्नि एवं नाबालिग पुत्रियो Smt. Meera Sharma & Lavi Sharma & Mishti Sharma (Under Guardianship Mother Smt. Meera Sharma) द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्वर्गीय Sh. Sunil Kumar Sharma S/o Sh. Bhudev Sharma के स्थान पर उनकी पत्नि एवं नाबालिग पुत्रियों Smt. Meera Sharma & Lavi Sharma & Mishti Sharma (Under Guardianship Mother Smt. Meera Sharma) R/o C-183, Sector-Delta-01, Greater Noida, Distt. G.B. Nagar (U.P.) के पक्ष में पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेषकार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 25 जनवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# मंदिर और चुनाव के बीच का गणतंत्र दिवस

वैसे तो राष्ट्रीय पर्वों को राजनीतिक हलचलों से अछूता और अलग-थलग रखा जाना चाहिये परन्तु देश की हालिया राजनीतिक संस्कृति ने ऐसा बदलाव लाया है कि अब देश का कोई भी पहलू राजनीति से अलहदा नहीं रह गया है। राष्ट्रीय पर्व भी कैसे रह सकता है! इसलिये यह देखने और कहने में कोई गुरेज़ नहीं कि शुक्रवार को पड़ने वाला गणतंत्र दिवस दो बड़ी परिघटनाओं के बीच आया है- अयोध्या में हाल में (22 जनवरी) हुआ राममंदिर का उद्‌घाटन तथा तीनेक माह बाद होने वाला आम चुनाव। इस परिप्रेक्ष्य में इस साल के गणतंत्र दिवस की विशेष अहमियत हो गई है; और उसके साथ ही नागरिकों के लिये कुछ विशिष्ट भूमिका की वह मांग भी कर रहा है। देखना यह है कि जिस संविधान के लागू होने के नाते यह दिवस मनाया जाता है, उसके निर्दिष्ट प्रावधानों के तहत आसन्न लोकसभा चुनाव में देश अपने लिये किस तरह की नियति को चुनता है।

2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे, तब उन्होंने कहा था कि यह लोकतंत्र व संविधान की ही महिमा है कि उनके जैसा एक गरीब घर से आया व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद तक पहुंच सका है। फिर उन्होंने संसद भवन (पुराने) को दण्डवत भी किया था। इससे आशा बंधी थी कि वे संविधान के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। देश ने कई तरह के राजनीतिक मतों का अनुसरण करने वाली सरकारें देखी हैं। अपने दम पर आई हुईं और गठबन्धन वाली भी। अपने वैचारिक दर्शन तथा राजनीतिक मान्यताओं के मुताबिक सभी ने अपने-अपने ढंग से काम किया- किसी ने अच्छा तो किसी ने बुरा। तो भी सभी ने संविधान का सम्मान बरकरार रखा और उसके दिशानिर्देशों के अनुसार ही शासन किया। श्री मोदी एवं उनकी भारतीय जनता पार्टी के विचारों से वाकिफ़ होने के बाद भी देशवासी कतई आशंकित नहीं थे क्योंकि उन्हें संविधान शक्ति का भान था। इतना भरोसा कि वे मानते थे कि कोई भी शासक अगर ताकतवर हुआ तो संविधान निर्मित शासन प्रणाली उसे सीधे रास्ते पर ले आएगी।

अपने दो कार्यकाल मिलाकर तकरीबन 10 वर्ष पूरा करने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते-बताते संविधान को जिस कदर अपने पक्ष में तोड़ा-मरोड़ा, उससे लोगों के सामने एक अभूतपूर्व संकट आ खड़ा हुआ है। देश के सामने सबसे बड़ी लोकतांत्रिक आपदा के रूप में इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल था, परन्तु मौजूदा सरकार ने जिस तरह की निरंकुश कार्यपद्धति अपनाई है, उसे अघोषित आपातकाल से कहीं ज्यादा खतरनाक माना जा रहा है।

मोदी शासनकाल को देखें तो उसकी बुनियाद पहले कांग्रेस मुक्त और फिर विपक्ष मुक्त भारत की अवधारणा के साथ डाली गई। जिस संविधान में विपक्ष को सत्ता पक्ष की बराबरी का सम्मान दर्ज है, उसे प्रधानमंत्री ने आये दिन आलोचना, अपमान और उपहास का विषय बनाकर रख दिया। जिस लोकतांत्रिक आचरण की अपेक्षा संविधान, देश व अवाम करता है- श्री मोदी उसके विपरीत व्यवहार करते पाये गये। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करते हुए नरेंद्र मोदी सर्वशक्तिमान बन बैठे हैं जिनका विधायिका एवं कार्यपालिका पर पूरा नियंत्रण है। सरकार या किसी व्यक्ति को ताकतवर बनाने से रोकने के लिये बने केन्द्रीय निर्वाचन आयोग से लेकर तमाम जांच एजेंसियों का आज जमकर दुरुपयोग हो रहा है। कई विरोधी दल के नेता छापेमारी से बचने के लिये भाजपा की शरण में आते हैं और इसी प्रक्रिया में कई राज्यों में भाजपा की सरकारें अल्पमत के बावजूद बनती हैं या चुनाव हारने के बाद भी वह सत्ता पा लेती है।

भारत की शासन प्रणाली और जिस मोर्चे पर कमजोर की गई, वह है शक्ति पृथक्करण। हमारे संविधान निर्माताओं ने बहुत समझदारीपूर्वक शासन की शक्तियों का विकेन्द्रीकरण किया था। निरंकुशता तभी आती है जब एक ही व्यक्ति के हाथों में सारी ताकत सिमट जायें। मोदी-काल इस मायने में भी लोगों को निराश व भयग्रस्त करता आया है कि पीएम के हाथ में असीम शक्ति आ गई है। कहने को सारी संस्थाएं अलग-अलग ही कार्यरत हैं परन्तु कोई भी स्वतंत्र निर्णय लेने में असमर्थ बना दी गई हैं। संसद से लेकर मंत्रिमंडल तक और सभी संस्थाएं फैसलों के लिये मोदी का मुंह ताकती हैं। कोई भी आपत्ति उठाने या प्रश्न करने के नाकाबिल है।

परस्पर संवाद, विचार-विमर्श और मतभेद लोकतंत्र के आधार हैं। संसदीय प्रणाली में इसकी पर्याप्त गुंजाइशें एवं मंच बनाये गये हैं। इससे अलग राह पर मोदी सरकार चल रही है। संसद में बिना चर्चा के कानून पारित होते हैं, विपक्षी सदस्यों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया जाता। सरकार को असहज करने वाले वाक्यांशों को कार्यवाही से निकालना या प्रतिपक्षी सांसदों का निलम्बन नयी परिपाटी है। मोदी मीडिया से बात नहीं करते और संविधान ने जिस संघवाद का सुंदर नियोजन किया है वह भी टूट चुका है।

देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की बात करें तो स्वतंत्रता, समानता, बन्धुत्व एवं धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत ध्वस्त हो चुके हैं। ध्रुवीकरण मोदी का प्रमुख एजेंडा है जिसके बल पर भाजपा ने अनंत काल तक अपनी सत्ता बनाए रखने का राजनीतिक डिजाइन रचा हुआ है जिसका चरम अयोध्या का राममंदिर है जिसे आनन-फानन में इसीलिये तैयार किया गया कि उसका उद्‌घाटन चुनाव के पूर्व हो सके। देशवासियों को इस गणतंत्र दिवस पर सोचना होगा कि वे अपनी नागरिक स्वतंत्रता और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिये आने वाले चुनाव का कैसा उपयोग करेंगे। यही संकल्प जनता और देश के भविष्य का निर्धारण करेगा।

# हमारा स्वतंत्रता संग्राम और लियो टालस्टाय

■ डॉ. कश्मीर सिंह उप्पल

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में रूस के महान लेखक लियो टालस्टाय का भारतीय समाजसेवियों, पत्रकारों और लेखकों से विस्तृत पत्राचार का सम्बंध रहा है। टालस्टाय भारत से आने वाले पत्रों को गंभीरता से लेते थे और प्राय: हर पत्र का उत्तर भी देते थे। उन्हें पत्र लिखने वालों में मद्रास के प्रसिद्ध नेता और पत्रकार ए. रामशेषन थे जो लोकप्रिय सामाजिक-राजनैतिक समाचार पत्र 'दि आर्यन' प्रकाशित करते थे। उन्होंने एक पत्र में टालस्टाय को लिखा - 'हमारा देश एक मँहगी सरकार के अमले के कारण दिन-ब-दिन दरिद्र होता जा रहा है। विदेशी पूंजीपति यहां की सम्पत्ति बाहर ले जा रहे हैं। परिणाम यह है कि निरन्तर अकाल पड़ते जाते हैं।'

टालस्टाय ने रामशेषन के इस पत्र में रूचि दिखाई और 25 जुलाई 1901 को एक लम्बा उत्तर दिया। उन्होंने लिखा- 'कोई भी समाज या जनसमूह जो हिंसा पर आधारित हो, न केवल आदिम अवस्था में है, पर बड़ी खतरनाक अवस्था में भी है।' इस पत्र में टालस्टाय ने भारत के ऐतिहासिक विकास की चर्चा करते हुए भारतीयों को सुझाव दिया कि 'इसी तरह चलता रहेगा, जब तक तुम्हारे लोग सिपाही बनकर काम करते रहेंगे। तुम्हें अंग्रेजों के हिंसक शासन में सहायता नहीं देनी चाहिए और हिंसा पर आधारित सरकार में किसी प्रकार से भाग नहीं लेना चाहिए।'

टालस्टाय के साथ जिन अन्य भारतीय लेखकों ने पत्र-व्यवहार किया उनमें दार्शनिक बाबा प्रेमानंद भारती प्रमुख थे। वे विवेकानन्द के शिष्य थे और 1902 में अमेरिका चले गए थे। वे लास ऐंजेल्स से 'द लाईट आफ एशिया' नामक पत्र निकालते थे।

मद्रास के प्रसिद्ध वकील और पत्रकार डॉ. गोपाल चेट्टी ने भी टालस्टाय के साथ वर्षों पत्र व्यवहार किया था। उनसे पत्र व्यवहार करने वालों में प्रोफेसर रामदेव, लेखक अब्दुल्ला अल-मामू सुहारावर्दी, आरएम दासशर्मा, दार्शनिक एसआर चित्ताल, कलकत्ता की पत्रिका की संपादक मिनी राबिन्सन और मद्रास के सामाजिक कार्यकर्ता वैद्यनाथ आदि प्रमुख थे।

टालस्टाय के रूसी जारशाही के मूल्यों के खिलाफ 'मैं चुप नहीं रह सकता' के प्रकाशन के बाद उन्हें आने वाले पत्रों का तांता लग गया। जून 1908 में तारकनाथ मेहता ने एक पत्र और अपनी पत्रिका 'फ्री हिन्दुस्तान' के अंक टालस्टाय को भेजे थे। इसका उल्लेख टालस्टाय ने अपनी डायरी में किया है। टालस्टाय ने तारकनाथ मेहता को भारत में उपनिवेशवाद के परिणामों को लेकर और सामग्री भेजने का भी लिखा था।

तारकनाथ ने टालस्टाय को अपने पत्र में बताया कि 'यदि कोई भारतीय अंग्रेजों से न्याय की भिक्षा मांगता है तो उसे एकदम राजद्रोही कह दिया जाता है और उसे जेल में डाल देते हैं या उसे देश निकाला दे दिया जाता है। तिलक जैसे व्यक्ति पर, जो राष्ट्रीय आन्दोलन के नेता थे, विद्रोह उकसाने का इलजाम लगाया गया और छह बरस के लिए उन्हें निर्वासित कर दिया गया।' उन्होंने यह भी लिखा कि 'भारत गोरों के लिए स्वर्ग है पर भारतीयों के लिए नरक। हमारे लिए एक ही मार्ग बचा है कि हम आप जैसे लोगों का ध्यान आकृष्ट करें, जो सारी दुनिया के सामने अंग्रेजों का पर्दाफाश कर सकें और इस तरह से उन पर अपना प्रभाव डाल सकें।'

टालस्टाय ने 14 दिसम्बर 1908 को तारकनाथ को 'ए लेटर टू ए हिन्दू' नामक पत्र लिखा। यह पत्र शीघ्र ही अनुवादित होकर 'स्वतंत्रता संग्राम' का प्रेरणा-स्त्रोत बन गया। वे इस पत्र में कहते हैं कि 'गुलामी भारत में विचित्र जान पड़ती है, चूंकि यहां बीस करोड़ लोग हैं जिनकी आध्यात्मिक और शारीरिक शक्ति बहुत ऊंची है, फिर भी वे ऐसे मुट्ठीभर लोगों की आधीनता मानते हैं, जो उनसे धार्मिक नैतिकता में कहीं अधिक नीचे हैं।' रोम्या रोलॉ ने लिखा है कि टालस्टाय के 'ए लेटर टू ए हिन्दू' ने सारी दुनिया में उपनिवेशवादी गुलामी को जबरदस्त टक्कर दी। भारत और अन्य देशों की उपनिवेशवादी सरकारों ने 'ए लेटर टू ए हिन्दू' को जब्त किया और इसे सीधे विद्रोह भड़काने वाले अन्य साहित्य के समकक्ष माना। यह पत्र दुनिया की क्रान्तिकारी पत्र-पत्रिकाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया था।

गांधी जी जब इंग्लैंड में वकालत पढ़ रहे थे उस समय 1889 में 'फ्रांसीसी क्रान्ति' की शताब्दी के अवसर पर फ्रांस के 'ऐफिल टावर' पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को टालस्टाय संबोधित करने वाले थे। उन्हें सुनने के लिए गांधीजी भी लन्दन से पेरिस पहुंचे थे। टालस्टाय ने आधुनिक सभ्यता को हिंसक, बनावटी, मुनाफाखोर और मानवता के लिए घातक करार दिया। गांधीजी इस भाषण को सुन टालस्टाय से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर टालस्टाय के साहित्य का गंभीर अध्ययन किया। महात्मा गांधी का टालस्टाय के साथ पत्र-व्यवहार किन परिस्थितियों में शुरू हुआ था इसका उल्लेख गांधीजी ने अपनी आत्मकथात्मक पुस्तक 'दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह' में किया है। गांधीजी टालस्टाय की 'स्वर्ग का राज्य तुम्हारे भीतर है' पुस्तक एवं 'पुनर्जागरण' उपन्यास से काफी प्रभावित थे।

> टालस्टाय ने गांधीजी को अपना अंतिम पत्र लिखते हुए कहा 'मनुष्य जाति के सारे अन्याय और मुसीबतें इसलिए पैदा हुई हैं कि प्रेम के नियम को लोगों ने ठुकरा दिया और उसके स्थान पर हिंसा का नियम ले आए हैं।' इस तरह हम देखते हैं कि टालस्टाय के द्वारा भारतीयों को लिखे इन पत्रों की सामयिकता आज भी बनी हुई है।

वर्ष 1909 में गांधीजी दक्षिण अफ्रीका के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ ब्रिटिश सरकार से मिलने लन्दन आए थे। लन्दन से ही गांधीजी ने टालस्टाय को दक्षिण अफ्रीका की पूरी स्थिति समझाई। उन्होंने इंग्लैंड की अपनी यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि वे लन्दन जिस उद्देश्य से आए थे वह पूरा नहीं हुआ। अपने पत्र के अन्त में गांधीजी ने 'ए लेटर टू ए हिन्दू' का अनुवाद कर भारतीयों में प्रचारित करने की अनुमति भी मांगी।

टालस्टाय ने सितम्बर-अक्टूबर 1909 में गांधीजी को भेजे अपने पत्र में लिखा कि 'ईश्वर ट्रांसवाल (अफ्रीका) में हमारे प्रिय भाई-बहनों की सहायता करे। हमारे यहां भी सौम्यता के विरुद्ध पशुता, विनम्रता और प्रेम के विरुद्ध अहंकार और हिंसा के बीच यह लड़ाई तीव्र रूप से अनुभव की जा रही है।' टालस्टाय ने पत्र के अन्त में लिखा 'भारतीय भाषा में मेरे पत्र का अनुवाद और प्रसार मेरे लिए बहुत आनन्द का विषय होगा।'

गांधीजी ने नवम्बर 1909 में एक और पत्र टालस्टाय को लिखा कि 'आप अपने प्रभाव को, जैसे उचित समझें, प्रयोग में लाकर इस आन्दोलन को लोकप्रिय बनाएं। यदि यह सफल होता है तो वह न केवल अधर्म, घृणा और झूठ पर धर्म, प्रेम और सत्य की विजय होगी, बल्कि यह भारत में लाखों लोगों के लिए और संसार के और भागों में भी जनता के लिए आदर्श की तरह काम आयेगा।'

अप्रैल 1910 में गांधीजी ने तीसरा पत्र लिखा और इस पत्र के साथ अपनी पुस्तक 'इंडियन होमरूल' भी भेजी। गांधीजी ने टालस्टाय के 'ए लेटर टू ए हिन्दू' के कुछ अंशों का भी अपने पत्र में उल्लेख किया कि 'भारतवासी राज्य शासन-व्यवस्था से असहयोग करें, ब्रिटिश सेनाओं में नौकरी न करें, टेक्स न दें इत्यादि। हम देखते हैं कि गांधीजी ने टालस्टाय के विचारों को सम्मिलित करते हुए भारत में 'असहयोग आन्दोलन' चलाया था।

25 अप्रैल 1910 को टालस्टाय ने गांधीजी को पत्र लिखा 'मैंने आपकी किताबें रूचि से पढ़ी हैं। मेरे मत से उनमें जो अहिंसा के प्रश्न की आपने चर्चा की है, वह न केवल भारतीयों के लिए, परन्तु पूरी मानव जाति के लिए सबसे अधिक महत्व की बात है।' टालस्टाय ने पत्र के अन्त में लिखा- 'मैं स्वस्थ नहीं हूं और इसीलिए आपकी किताब और आपके बारे में जो कुछ मेरे दिल में है, वह सब नहीं लिख पाऊंगा। मैं आपके काम की बहुत सराहना करता हूं। मैं ज्यों ही अच्छा हो जाऊंगा, लिखूंगा।'

इसी बीच ट्रांसवाल में भारतीयों का अफ्रीकी शासन के विरुद्ध आन्दोलन बहुत तेज हो गया। इस आन्दोलन के फलस्वरूप अनेक आन्दोलनकारियों के परिवार अभावग्रस्त हो गए और वे भूख से मरने लगे। इन परिवारों की सहायता के लिए गांधीजी ने अपने मित्र हेरमान कैलनबाख की 1100 एकड़ भूमि पर एक फार्म बनाया और उसका नाम 'टालस्टाय फार्म' रखा। इस फार्म में अनेक परिवार खेती-बाड़ी करके अपनी आजीविका चलाने में समर्थ हुए थे। टालस्टाय ने गांधीजी को अपना अंतिम पत्र लिखते हुए कहा 'मनुष्य जाति के सारे अन्याय और मुसीबतें इसलिए पैदा हुई हैं कि प्रेम के नियम को लोगों ने ठुकरा दिया और उसके स्थान पर हिंसा का नियम ले आए हैं।' इस तरह हम देखते हैं कि टालस्टाय के द्वारा भारतीयों को लिखे इन पत्रों की सामयिकता आज भी बनी हुई है।

**(लेखक सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं।)**

# डॉक्टर की तरह फैमिली फार्मर बनाना होगा

■ बाबा मायाराम

कुछ समय पहले महाराष्ट्र के नागपुर में देसी अनाजों के बीजोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कई किसान उनके जैविक उत्पाद को बिक्री के लिए आए हुए थे। जैविक खेती पर चर्चा व संगोष्ठियां हुईं। इसमें कई राज्यों के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की।

मुझे इस कार्यक्रम के आयोजकों में से एक बसंत फुटाणे ने आमंत्रित किया था। इस मौके पर जैव विविधता प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसमें जैविक उत्पादों के अलावा, खादी और सूती कपास के कपड़े और देसी बीजों की कई प्रजातियां प्रदर्शित की गई थीं। गर्मी के कारण अम्बाड़ी के शरबत को काफी पसंद किया गया था। इसके साथ ही जैविक उत्पाद से बने स्वादिष्ट व्यंजन व भोजन आकर्षण के केन्द्र रहे। जिसमें महुआ के गुलगुले, खीर, सूरन के पकोड़े, गुड़ की जलेबी, और देसी चावल व आम की कढ़ी और ज्वार की रोटी इत्यादि शामिल थे।

बीजोत्सव के बारे में किसान अनंत भोयर बताते हैं कि इसकी शुरूआत वर्ष 2013 से हुई थी। उन्होंने बताया कि बीजोत्सव की शुरूआत किसानों की खुदकुशी की खबरों से चिंतित होकर की गई थी। यवतमाल जिले में कपास की खेती होती है, जहां से किसानों की खुदकुशी की खबरें लगातार आ रही थीं। वहां जैव तकनीक से तैयार बीटी कॉटन होता है। अधिकांश किसान बैंक से कर्ज लेकर खेती करते हैं और कर्ज के बोझ तले दबकर ही जान दे रहे थे।

> बीजोत्सव ने कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर लोगों का ध्यान खींचा है। इससे एक तरफ बिना रासायनिक खेती से परंपरागत बीजों, मिट्टी-पानी का संरक्षण-संवर्धन हो रहा है व - जैव विविधता व पर्यावरण का संरक्षण हो रहा है, तो दूसरी तरफ किसान और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संबंध बन रहा है, जिससे खेती में बिचौलियों की भूमिका कम हो रही है और किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल रहा है।

वे आगे बताते हैं कि इस सबके मद्देनजर जैविक खेती से जुड़े किसानों व कार्यकर्ताओं को लग रहा था कि हमें मिलकर कुछ करना चाहिए। विचार-विमर्श के बाद यह सोच बनी कि रासायनिक खेती के विकल्प के रूप में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। तभी से बीजोत्सव के आयोजन का सिलसिला चल रहा है।

बीजोत्सव में सुरक्षित व पौष्टिक खान-पान पर ज़ोर दिया जाता है। इसके साथ ही, देसी बीजों की गोबर खाद व हल-बैल वाली जैविक खेती को बढ़ावा देते हैं। खेती को पशुपालन से जोड़ने की सोच रखते हैं,जिससे मिट्टी को गोबर खाद से उर्वर बनाया जाए और दूध-घी से भोजन में पौष्टिकता भी बढ़े। किसानों की समस्याएं समझने की कोशिश करते हैं, इस पर गोष्ठियां व संवाद करने के प्रयास करते हैं। नए छोटे किसानों को भी इस प्रक्रिया से जोड़ते हैं। संकर बीजों और जैव तकनीक से तैयार (जेनिटिकली मोडीफाइड) के नुकसान के बारे में बात करते हैं।

बीजोत्सव के आयोजन से जुड़े बसंत फुटाणे कहते हैं कि जिस तरह हर परिवार का एक फैमिली डॉक्टर होता है, उसी तरह हर परिवार का एक फैमिली फार्मर होना चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं व किसानों का संबंध बने और उपभोक्ता भी सुरक्षित अनाज के बारे में जागरूक हों। अगर उपभोक्ता व किसान में मानवीय रिश्ता बनेगा तो किसान को उत्पाद का उचित दाम मिलेगा और उपभोक्ता भी वाजिब दाम में पौष्टिक अनाज पाएगा।

वर्धा जिले के बावापुर गांव के दीपक बरडे ने बताया कि वे ज्वार गनेरी, दुधी कोडा, पीली ज्वार, तुअर ( सफेद, लाल), अलसी, मूंग, बंसी गेहूं, बैंगन, डांगरबारूक, दोडका (फल्ली), खडसेंग, करेला, बरबटी, चावरी, पालक, धनिया, हदगा, काकड़ी इत्यादि की खेती करते हैं।

दीपक बरड़े बतलाते हैं कि उनका गांव बहुत छोटा है। 85 घरों के गांव में करीब 300 आबादी है। पहले वहां संकर बीजों की खेती होती थी। जिससे कैंसर, बीपी और शुगर के मरीज ज्यादा होने लगे थे। इसके बाद वर्ष 1970 से उन्होंने उनके पिताजी के साथ परंपरागत खेती करना शुरू किया था। परंपरागत बीजों के साथ परंपरागत ज्ञान भी जुड़ा है।

उन्होंने बताया वे पूरी तरह स्वावलंबी हैं। उनका परिवार बाहर से नमक के अलावा कुछ भी नहीं खरीदता। मूंगफली से तेल मिल जाता है। खेत की अलसी से भी तेल मिल जाता है। देसी कपास हम वर्धा के ग्राम सेवा मंडल को देते हैं और उसके बदले में वहां से कपड़े ले लेते हैं। वस्तु विनिमय की परंपरा बरसों पुरानी है।

बेंगलुरू से आए सहज समृद्ध के कोमल कुमार मानते हैं कि बीज समुदायों के हैं, कंपनियों व किसी एक व्यक्ति के नहीं हैं। सहज समृद्ध किसानों की जैविक उत्पाद कंपनी है, जो धान, पौष्टिक अनाज, दालें, सब्जियां, फूल और गैर खेती भोजन (अनकल्टीवेटेट फूड) इत्यादि जैविक तरीके से उत्पादित करने को बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि उनके पास रागी की 9 प्रजातियां और 5 पौष्टिक अनाज (मिलेट्स) की प्रजातियां हैं। इनके उत्पादन में वे रासायनिक खाद व कीटनाशक का इस्तेमाल बिलकुल नहीं करते हैं।

गढ़चिरौली से आम्ही आमचा आरोग्य साठी के कार्यकर्ता शहद लेकर आए थे। यह संस्था महिलाओं, आदिवासियों, किसानों, और वंचित तबकों के मुद्दों पर काम करती है। आदिवासी युवा जंगल से शहद एकत्र करते हैं, यह पद्धति पूरी तरह सुरक्षित, प्राकृतिक और जैविक है। इसमें किसी भी प्रकार का खर्च भी नहीं है। सतीश गोगुलवार बताते हैं कि पहले पारंपरिक रूप से शहद को आग लगाकर निकालते थे, जिससे मधुमक्खियां मर जाती थीं। लेकिन अब युवाओं को टिकाऊ तरीके से शहद निकालने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

गोपरी, वर्धा में स्थित ग्राम सेवा मंडल कपड़ा बनाने, जैविक खेती, तेल निकालने के काम में संलग्न है। यहां कई तरह के चरखा भी बनाए जाते हैं। देसी कपास से सूत कताई, बुनाई, रंगाई से लेकर कपड़ा बनाने तक का काम किया जाता है। बीजोत्सव में ग्राम सेवा मंडल की दुकान लगी थी, जिसमें शर्ट, जैकेट, और खादी के कपड़े बिक्री के लिए उपलब्ध थे।

परंपरागत खेती की वैकल्पिक तकनीक को बढ़ावा देने वाला भारतीय एग्रो इंडस्ट्रीज फाउंडेशन ( बी.ए.आई.एफ.) परंपरागत कृषि पद्धतियों व देसी बीजों को बचाने में लगा है और जहरमुक्त खेती को बढ़ावा दे रहा है। इस संस्था से जुड़े संजय पाटिल ने बताया कि उनकी संस्था के पास 400 देसी धान की प्रजातियां, 40 गेहूं की, 13 आलू, 12 मिर्ची, 6 दाल, 4 सरसों की प्रजातियां हैं। और इन देसी बीजों को किसानों को उनके खेत में ही उगाने के लिए दिया गया है, जिससे वहां की मिट्टी-पानी व हवा में उनका संरक्षण व संवर्धन हो सके।

कुल मिलाकर, बीजोत्सव ने कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर लोगों का ध्यान खींचा है। इससे एक तरफ बिना रासायनिक खेती से परंपरागत बीजों, मिट्टी-पानी का संरक्षण-संवर्धन हो रहा है व - जैव विविधता व पर्यावरण का संरक्षण हो रहा है, तो दूसरी तरफ किसान और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संबंध बन रहा है, जिससे खेती में बिचौलियों की भूमिका कम हो रही है और किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल रहा है। उपभोक्ताओं की भी पहुंच पौष्टिक अनाज तक हो रही है। बढ़ती बीमारियों व ज़हरीली खेती को रोकने के लिए जैविक खेती की विविधतायुक्त खेती को विकल्प के रूप में पेश किया जाना जरूरी हो जाता है। जिससे पोषणकारी खेती को बढ़ावा मिले, और- मिट्टी-पानी व हवा के प्रदूषण से भी बचा जा सके। जलवायु बदलाव के दौर में मशीनीकरण के बिना हल-बैल व श्रम आधारित जैविक खेती से पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। कुल मिलाकर, इससे पर्यावरण बचेगा, धरती बचेगी तो हम भी बचेंगे। यह पूरी पहल सार्थक, उपयोगी, सराहनीय व अनुकरणीय है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व लेखक हैं)**

## पावन प्रसंग

# प्रगति का अवलंबन तपश्चर्या

जीवन का भौतिक क्षेत्र हो अथवा आध्यात्मिक क्षेत्र, दोनों में एक ही नियम काम करता है और उसी से अभीष्ट सफलता प्राप्त होती है। वह नियम है- तपश्चर्या। भौतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अभीष्ट काम करना पड़ता है। किसान, मजदूर, विद्यार्थी, पहलवान, कलाकार, चपरासी, शिल्पी आदि सभी सफलताएं उनके प्रयत्न, पुरुषार्थ, श्रम और साहस पर निर्भर रहती हैं। इस प्रयत्नपरायणता को एक प्रकार से महाप्रज्ञा का तत्वदर्शन कहा जा सकता है, जो कि आत्मिक जीवन में भी एक समान लागू होता है। उस क्षेत्र की प्रगति पूरी तरह इस तथ्य पर निर्भर है कि साधन में तपश्चर्या की साहसिकता किस मात्रा तक प्रचंड हो सकी है? उपासना और साधना का तात्विक पर्यवेक्षण करने का पर प्रतीत होता है कि अध्यात्म ऊर्जा उत्पन्न करने की प्रेरणा देता है। यह ऊर्जा तपश्चर्या के माध्यम से ही उत्पन्न होती है।

व्यक्तित्व को अंतश्चेतना को ऊपर उठाने के लिए भी तपश्चर्या से उत्पन्न ऊर्जा के बिना काम नहीं चल सकता है। पैदल चलने को शरीर में शक्ति चाहिए। मोटर चलाना हो तो भी शक्ति की व्यवस्था जुटानी होती है। जीवन को ऊंचा उठाना हो, आगे बढ़ाना हो तो भी समर्थता उत्पन्न करके अपनी पात्रता विकसित करनी होगी। आत्मिक प्रगति की दिशा में अभीष्ट सफलताएं प्राप्त करने वालों का इतिहास आदि से अंत तक एक ही तथ्य प्रमाणित करता है कि उन्होंने आवश्यक तपश्चर्या करके अपनी पात्रता विकसित की, फलत: उन्हें विभूतियों, सिद्धियों से लाभान्वित होने का अवसर मिला। महामानवों से लेकर ऋषि-महर्षियों तक की सफलताएं पूर्णतया तप-साधना पर निर्भर रही हैं।

यथार्थता यह है कि भौतिक क्षेत्र की तरह ही आत्मिक क्षेत्र में भी आत्मपरिष्कार के लिए प्रबल पुरुषार्थ करने पड़ते हैं। उन्हीं के आधार पर वह क्षमता विकसित होती है, जो अंतर्जगत की प्रसुप्त दिव्य क्षमताओं को जगाकर किसी को विभूतिवान बना सके। इसी आधार पर दैवी अनुग्रह भी आकर्षित किए जाते हैं। वृक्षों का चुंबकत्व बादलों को अपनी ओर खींचता है और उन्हें पानी बरसाने के लिए विवश करता है। धातुओं की खदानें भी इसी आधार पर बनती और बढ़ती है कि जमा हुआ धातु भंडार अपनी आकर्षण क्षमता से दूर-दूर तक फैले हुए सजातीय कणों को खींचता रहता है और उनके खिंच-खिंचकर जमा होते रहने से खदान का आकार व भंडार बढ़ता है। फूल खिलता है तो भौंरे प्रशंसा करने, मधुमक्खी याचना करने और तितली शोभा बढ़ाने के लिए अनायास ही जा पहुंचते हैं। यही बात सिद्धांतत: आत्मिक प्रगति की दिशा में अक्षरश: लागू होती है। साधक को पात्रता का विकास जिस अनुपात से होता है, उसी क्रम में उसका वर्चस्व बढ़ता चला जाता है। इन दिव्य उपलब्धियों का उद्‌गम अंत:क्षेत्र में भी है और व्यापक ब्रह्मसत्ता से भी अजस्र अनुग्रह बरसते हैं। दोनों ही क्षेत्रों की उपलब्धियों से साधक निहाल होता है। इतने पर भी मूलतत्व जहां का तहां है। जो पाना है, उसका मूल्य चुकाया ही जाना चाहिए। भौतिक क्षेत्र में पुरुषार्थ और उनके प्रतिफल का कर्म और भाग्य का सिद्धांत पग-पग पर चरितार्थ होता है। पुरुषार्थी सफलता पाते और अन्य शेखचिल्ली कल्पनाओं के पंख लगाकर कल्पना लोक में उड़ते रहते हैं। आत्मिक क्षेत्र में प्रगति प्रदान करने वाला पुरुषार्थ तपश्चर्या ही है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# धार्मिक और राष्ट्रीय उत्सव से भरा सप्ताह!

दुनिया ने भगवान श्रीराम के मंदिर के भव्य और दिव्य निर्माण का अनुभव किया। अच्छे दिनों का अर्थ है मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का रामराज्य। जिस राज्य में हत्या-दंगे-असुरक्षा-झूठ- घोटाले आदि से जनता को परेशान होने का मौका नहीं मिलेगा। ऐसा कहा जाता है कि राम राज्य के दौरान सोने को लकड़ी में भी जड़ दिया जाए तो चोरी का डर नहीं होता था। यह तय है कि देश में ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए काफी प्रयास करने होंगे।

किस प्रकार नकारात्मक शक्तियां भारत की सुरक्षा को तोड़ने के लिए लगातार काम कर रही हैं। इसका खुलासा तब होता है जब हमले को अंजाम देने की तैयारी कर रहे आतंकियों को पकड़ा जाता है। इससे उनकी रणनीति ध्वस्त हो जाती है। लेकिन इससे उनके बुरे इरादे उजागर होते हैं और हर नागरिक को कितना सतर्क रहना चाहिए। इसका एक सबक भी मिलता है। प्रभु श्री राम आये है। लेकिन जिस राम राज्य की हम अपेक्षा करते हैं, उसे लाने की जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाने की भूमिका निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वह जिम्मेदारी भी बहुत बड़ी है।

राम मंदिर के कारण विश्व मानचित्र पर अयोध्या नगरी को विशेष महत्व प्राप्त हुआ है। इसका अनुभव वहां के लोग मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम से ले रहे हैं। अब जब दुनिया का ध्यान इस क्षेत्र की ओर गया है तो उम्मीद है कि राम सेवकों की सुविधा के लिहाज से यहां नए बदलाव देखने को मिलेंगे। क्योंकि किसी भी क्षेत्र के विकास में वहां उपलब्ध बुनियादी ढांचा अहम भूमिका निभाता है। इस क्षेत्र ने भारत को दुनिया में पहचान दिलाई है। इसका रखरखाव करने की भी बाध्यता होगी। भारत में बहुत सारे मंदिर हैं। इन्हें पर्यटन का रूप प्राप्त हो गया है। तो यह देखा जा सकता है कि वहां की धार्मिकता, सात्विकता कहीं तो लुप्त तो नहीं हो गई है। नवविवाहित जोड़े अपने हनीमून के लिए धार्मिक जगह पर आते हैं। उनका इरादा भगवान के दर्शन करने और हनीमून मनाने के होते है।

भगवान श्रीराम के आगमन के बाद हर साल की तरह भारत इस सप्ताह गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह सप्ताह को देशवासियों के लिए बहुत बड़े धार्मिक और राष्ट्रीय त्योहार का सप्ताह कहना होगा। एक तरफ भव्य धार्मिक उत्सव है और दूसरी तरफ वार्षिक राष्ट्रीय उत्सव है। एक ही सप्ताह में देशवासियों को धार्मिक और राष्ट्रीय, दोनों तरह का भव्य उत्सव देखने को मिल रहा है। हर साल जनवरी माह में मकर संक्रांति का त्योहार मिठास लेकर आता है। अब राम मंदिर के मौके पर इसमें और भी बड़ी मिठास घुल गई है।

रक्षा तकनीक के क्षेत्र में भारत लंबी छलांग लगा रहा है। भारत एशिया में हथियारों के सबसे बड़े आयातक के रूप में जाना जाता था। वहीं देश अब हथियारों का प्रमुख निर्यातक बनता जा रहा है। वर्ष 2022-23 में रक्षा क्षेत्र में भारत का 15,900 करोड़ रुपये का निर्यात उल्लेखनीय है। जबकि वर्ष 2016-17 में यह निर्यात 1521 करोड़ रुपये था। अब इसमें दस गुना बढ़ोतरी हुई है और अगले 5 साल में 25 हजार करोड़ का निर्यात करने का लक्ष्य है। रक्षा के क्षेत्र में अमेरिका, इजराइल और अन्य देशों का दबदबा है। जब इस क्षेत्र में इतने मजबूत प्रतिस्पर्धी पहले ही बाजार में पैर जमा चुके हैं, तो यह उल्लेखनीय है कि भारत भी सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

शानदार गणतंत्र दिवस समारोह और देश की रक्षा के आयुधों का शक्ति प्रदर्शन भी शानदार होता है। भारत इस क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। संस्कृति की रस्सियां काटकर केवल भौतिक एवं वैज्ञानिक प्रगति होती रहने पर 'तेरे हक़ का भी मेरा ही है' यह स्वार्थी मनोवृत्ति प्रबल होने लगती है। जो आज पड़ोसी देश चीन भारत के संबंध में कर रहा है। और पाकिस्तान को सशक्त बनाने का कुकृत्य कर रहा हैं। वहां केवल विस्तारवाद-छल-घुसपैठ-साजिश शब्दों को ही आश्रय है। भगवान श्रीराम का नाम लेने के साथ ही सूर्य से चन्द्र तक की भारत की प्रगति आलोचकों के लिए एक स्पष्ट और संपूर्ण उत्तर रही है।

**जयेश राणे, मुंबई (इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलिकॉम इंजिनियर)**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश

**उवाच**

"भाजपा जानबूझकर न्याय यात्रा के लिए दिक्कतें पैदा कर रही है। यह असंवैधानिक है। एक मुख्यमंत्री को इस तरह का व्यवहार नहीं करना चाहिए। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। असम के मुख्यमंत्री केवल अमित शाह और मोदी को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं।

–सिद्दारमैया, कर्नाटक के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 16.0 | 06.0 |
| मुंबई | 27.0 | 20.0 |
| कोलकाता | 20.0 | 13.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 24.0 |

# समान नागरिक संहिता को गठित कमेटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट जल्द मिलेगी : धामी

■ अमर नाथ तिवारी

**देहरादून,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। गणतंत्र

■ **उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं**

दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, संविधान निर्माताओं और राज्य आन्दोलनकारियों को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान निर्माण का एक पर्व है। हमारा यह विशिष्ट संविधान हमारे राष्ट्र का निरंतर मार्गदर्शन करता आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण भी कराता है। यह अवसर हमें देशभक्तों के सपनों को साकार करने और अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने का संकल्प लेने की भी प्रेरणा देता है। संविधान के अंतर्गत ही हम सभी की जिम्मेदारी यह भी है कि हम न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूलभूत लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता के लिए बनाई गई पांच सदस्यों की कमेटी ने ड्राफ्ट पूरा कर लिया है। ड्राफ्ट मिलते ही जल्दी विधानसभा का सत्र बुलाकर विधानसभा में समान नागरिक संहिता का कानून पूरे उत्तराखण्ड में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के विकास, कल्याण और उन्नति हेतु संकल्पबद्ध है। जीरो टॉलरेंस आन करप्शन की नीति का अनुसरण कर राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। जनसेवा से संबंधित अधिकांश सेवाएं ऑनलाईन की गई हैं।



**राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता कानून लागू करने के लिए बुलाया जाएगा विधानसभा सत्र : पुष्कर सिंह धामी**

### मातृशक्ति का सम्मान भी हमारे लिए सर्वोपरि

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की मातृशक्ति का सम्मान भी हमारे लिए सर्वोपरि है। राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का प्राविधान किया है। राज्य में महिला सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत राज्य की 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मागदर्शन में उत्तराखण्ड को 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता के सहयोग से इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य की आर्थिकी को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए 3.56 लाख करोड़ के करारों को धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्यवाही गतिमान है। राज्य में निवेश के लिए निवेशकों ने जो उत्साह दिखाया है, आने वाले समय में इससे स्थानीय स्तर पर लोगों के रोजगार के संसाधन तेजी से बढ़ेंगे और पलायन पर भी नियंत्रण होगा।

राज्य में धार्मिक पर्यटन के साथ ही पर्यटन की अन्य गतिविधियों पर भी तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। राज्य में चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। कुमांऊ मण्डल में धार्मिक पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।

## मुंबई में एआईपीओसी का उद्घाटन करेंगे ओम बिरला

**नई दिल्ली/मुंबई,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को मुंबई में 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) का उद्घाटन करेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष अधिवक्ता राहुल नार्वेकर, महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति डॉ.नीलम गोर्हे, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, महाराष्ट्र सरकार के मंत्री, महाराष्ट्र विधानमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान गणमान्य व्यक्ति निम्नलिखित विषयों पर विचार-मंथन करेंगे। लोकतांत्रिक संस्थानों में लोगों के विश्वास को मजबूत करने के लिए-संसद तथा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के विधानमंडलों में अनुशासन और शालीनता बनाए रखने की आवश्यकता और समिति प्रणाली को और अधिक उद्देश्यपूर्ण और प्रभावी कैसे बनाया जाए।

■ **रविवार को होगा सम्मेलन के समापन सत्र**



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को इस सम्मेलन के समापन सत्र को भी संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष, अधिवक्ता राहुल नार्वेकर, महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति, डॉ.नीलम गोर्हे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी महाराष्ट्र सरकार में मंत्री, महाराष्ट्र विधानमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर आया है बदलाव : शाह

**जम्मू,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि अनुच्छेद-370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर बदलाव आया है। कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। पथराव और हड़तालें शून्य हो गई हैं। निर्दोष हत्याओं पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने ये बातें जम्मू में ई-बसों के उद्घाटन समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति और समृद्धि के नए युग की शुरुआत हुई है। अतीत में कश्मीर में गोलियां चलनीं, पथराव और हमले सामान्य थे लेकिन 370 हटने के बाद स्थिति बदल गई है। ऐसी चीजों की जगह स्कूलों, मेडिकल कॉलेजों, उद्योगों आदि ने ले ली है। गृहमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 के चलते जम्मू-कश्मीर में कई नेताओं ने लोकतंत्र का मजाक उड़ाया। उन्होंने अपने परिवार को ही लोकतंत्र समझ लिया। 370 के हटने के बाद प्रदेश में 70 प्रतिशत आतंकवादी घटनाओं पर रोक लगी है। नागरिक मृत्यु में 81 प्रतिशत की कमी आई है। साथ ही सैनिक मृत्यू में 48 प्रतिशत की कमी आई है। 2020 में जम्मू-कश्मीर में पथराव की कोई घटना नहीं हुई, जबकि संगठित विरोध प्रदर्शन भी समाप्त हो गए हैं।



■ **370 हटने के बाद आतंकी घटनाओं में आई 70 प्रतिशत की कमी**

■ **जम्मू में ई-बसों के उद्घाटन समारोह को किया संबोधित**

उन्होंने कहा कि 2010 में पथराव में 112 लोग मारे गए थे और 2020 में यह आंकड़ा शून्य है। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की मदद करने वालों पर नकेल कस दी गई है। आतंकवाद में शामिल लोगों की संपत्तियां कुर्क की जा रही हैं। उग्रवाद का समर्थन करने वाली पार्टियों पर बैन लगाया गया है। गृहमंत्री ने युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने और भारत की मुख्यधारा का हिस्सा बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में पंचायत राज व्यवस्था स्थापित की गई और वर्तमान में छूटे हुए वर्गों को उचित आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए परिसीमन किया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### हरीश रावत करेंगे सांकेतिक उपवास

**हरिद्वार।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत टिहरी बांध के विस्थापित परिवारों को भूमिधरी का अधिकार न मिलने के विरोध में एक फरवरी को गांधी पार्क में सांकेतिक उपवास पर बैठेंगे। रावत ने कहा कि टिहरी बांध निर्माण से लोगों ने खेती बाड़ी, घर बार की कुर्बानी दी। लेकिन 42 साल बाद भी विस्थापितों को दी गई जमीन पर भूमिधरी का अधिकार नहीं मिला है। कांग्रेस सरकार के समय में हमने प्रयास किया था। पिछली बार विस में हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने इस मुद्दे को सदन में उठाया था। मुझे जानकारी मिली कि सरकार भूमिधरी अधिकार की प्रक्रिया को और जटिल बनाने के दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं।

### ग्वालियर के बाल संप्रेक्षण गृह से छह बच्चे फरार

**ग्वालियर।** ग्वालियर के बाल संप्रेक्षण गृह से छह बाल अपराधी फरार हो गए हैं। इन छह बाल अपराधियों में से तीन वे हैं, जिन पर सेवानिवृत्त डीजीपी की नातिन की हत्या का आरोप है। सभी बाल अपराधियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार गुरुवार की सुबह लगभग सवा नौ बजे थाटीपुर क्षेत्र में स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से छह बच्चे सुरक्षा गार्ड को चकमा देकर छह फीट ऊंची दीवार को फांदकर फरार हो गए। फरार हुए बच्चों ने होमगार्ड जवान टीकाराम को धक्का दिया और भाग खड़े हुए। सुरक्षाकर्मी ने एक बाल अपराधी को दबोच लिया और वह भागने में सफल नहीं हो पाया।

### ओडिशा में फर्जी सिम कार्ड रैकेट का भंडाफोड़

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की क्योंझर जिला पुलिस ने चार लोगों की गिरफ्तारी के साथ फर्जी सिम कार्ड रैकेट का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। बुधवार को गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी क्योंझर जिले के घासीपुरा और रामचंद्रपुर इलाके के अलग-अलग स्थानों के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 538 सिम कार्ड, 18 मोबाइल फोन, 5 बायोमेट्रिक स्कैनर, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, पहचान पत्र और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है।

### गोवा का बजट आठ फरवरी को होगा पेश

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घोषणा की कि इस साल का राज्य का बजट आठ फरवरी को पेश किया जाएगा। प्रमोद सावंत ने पणजी में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक के बाद पत्रकारों से बात की। सीएम ने कहा कि इस साल जन-समर्थक बजट पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि उन्होंने इस मुद्दे पर कई हितधारकों के साथ चर्चा की है और विभिन्न क्षेत्रों से सुझाव आमंत्रित किए हैं।

## भाजपा की वैमनस्यता की राजनीति अब महापुरुषों तक पहुंची : कांग्रेस

**भोपाल,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उज्जैन की घटना को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। पटवारी ने कहा कि उज्जैन के माकड़ोन में बाबा साहेब अंबेडकर और सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति लगाने को लेकर दो पक्षों में हुये विवाद की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पटवारी ने आग्रह किया कि दोनो पक्ष शांति बनाए रखें, दोनों ही महापुरुष हम सभी के आदर्श हैं। भाजपा ने देश और प्रदेश में केवल बांटने की राजनीति की है, कभी धर्म के नाम पर, कभी जाति के नाम पर, कभी रंग और भाषा के नाम पर और अब महापुरुषों तक भी भाजपा की नफरत की राजनीति की आग पंहुच चुकी है। बाबा साहब अम्बेडकर एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल दोनों ही हमारी प्रेरणा एवं हमारे पूजनीय हैं, उनके नाम पर उग्रता भाजपा सरकार की न केवल असफलता बल्कि भाजपा की अकर्मण्यता भी है। पटवारी ने सभी पक्षों से आग्रह किया कि आपसी सामंजस्य एवं आपसी सौहार्द का वातावरण बनाए रखें तथा भाजपा की बांटने की साजिशों में ना आएं एवं दोनों ही महापुरुषों का मान सम्मान बरकरार रहना चाहिए।



■ **उज्जैन घटना पर बोले जीतू पटवारी**

### करोड़ों की बंदरबाट की जांच में घिरे देहरादून व हरिद्वार के नगर निगम

# दिसम्बर माह में बोर्ड भंग होने के बाद सामने आए घोटाले

**देहरादून,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड के दो सबसे बड़े जिले हरिद्वार और देहरादून के नगर निगम चर्चा में बने हुए हैं। दोनों निगमों पर अनियमितता और लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। देहरादून में स्वच्छता समिति के गठन और पार्षदों के सफाई कर्मचारी रखे जाने के मामले में करोड़ों रुपयों की धांधली की बात सामने आई है। पूरे मामले की 3 सदस्य समिति जांच कर रही है। वहीं हरिद्वार में भी इसी तरह का मामला उजागर हुआ है। मनसा देवी मंदिर के लिए चलाए जा रहे रोपवे का साल 2005-6 के रुपयों की जानकारी नगर निगम के पास नहीं है। सूचना आयुक्त ने निगम के अधिकारियों को सारे दस्तावेज लेकर तलब किया है। देहरादून के नगर निगम में धांधली की जानकारी 2023 दिसम्बर में लगी। 2 दिसम्बर को बोर्ड भंग होने पर नई व्यवस्था लागू की गई। नई व्यवस्था के तहत मेयर का कार्यकाल खत्म हुआ और पूरी कमान प्रशासन ने अपने हाथ में ली। इस दौरान प्रशासन को देहरादून के वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए गठित की गई पार्षद स्वच्छता समिति के कर्मचारियों के वेतन और पीएफ में कुछ गड़बड़ी मिली। इसके बाद निर्णय लिया गया कि स्वच्छता कर्मियों का वेतन सीधे उनके खाते में दिया जाएगा। वहीं, भौतिक सत्यापन के दौरान अधिकारियों के संज्ञान में आया कि नगर निगम में दर्ज आधे से ज्यादा कर्मचारी कभी काम पर आए ही नहीं हैं। जबकि उनकी सैलरी लगातार उनके नाम पर जारी होती रही है। नगर में ऐसे सफाई कर्मचारियों की संख्या 1021 थी। शुरुआती जांच में पाया गया कि प्रत्येक कर्मचारी को 15 हजार रुपए प्रति महीना दिया जा रहा है। इस तरह एक महीने में नगर निगम लगभग 1.5 करोड़ रुपए का भुगतान कर्मचारियों को वेतन देने के रूप में कर रहा था। ऐसे में नगर निगम ने पिछले 5 साल में 86 करोड़ रुपए का भुगतान कर्मचारियों को वेतन के रूप में किया। इस पूरे मामले में देहरादून जिलाधिकारी सोनिका सिंह (नगर निगम प्रशासक) ने तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश जारी करते हुए सीडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की कमेटी गठित की। कमेटी इस बात की जांच कर रही है कि आखिरकार कितने रुपयों का घोटाला हुआ है। नगर निगम प्रशासक सोनिका सिंह की मानें तो सोमवार तक कमेटी जांच रिपोर्ट उन्हें सौंप देगी।



■ **दून में सीडीओ की अध्यक्षता में तीन सदस्यों की कमेटी कर रही जांच**

**मनसा देवी रोपवे में घोटाला**

मामला हरिद्वार मनसा देवी रोपवे का है। मामले के खुलासा तब हुआ जब उत्तराखंड राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने नगर निगम के अधिकारियों को रोपवे से जुड़े कागजात लेकर बुलाया है। राज्य सूचना आयुक्त ने ये कदम इसलिए उठाया क्योंकि हरिद्वार के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने राज्य सूचना आयुक्त से शिकायत की थी कि नगर निगम के कागजों में साल 2005-06 मनसा देवी रोपवे के राशि की कोई जानकारी नहीं है। आयुक्त द्वारा जांच में पता चला कि रोपवे को दी गई राशि और रोपवे से अर्जित हुई राशि का हिसाब-किताब दर्ज ही नहीं है।

### फिलहाल क्या है हालात

1973 में नगर निगम ने 40 साल के लिए उषा ब्रेको कंपनी को मनसा देवी पर रोपवे चलाने की इजाजत दी थी। 2013 में लीज खत्म हुई तो सरकार ने फिर 7 साल के लिए रिन्यू की। इसके बाद 2020 में कंपनी को दोबारा रोपवे चलाने की इजाजत नगर निगम ने दी। इसके एवज में हर साल 3 130 करोड़ रुपए नगर निगम को देने होते हैं। जबकि हकीकत यही है कि एक नियम के अनुसार टेंडर प्रक्रिया के बाद ही किसी को काम दिया जा सकता है। फिलहाल राज्य सूचना आयुक्त अधिकारियों से न केवल पैसों की जानकारी लेंगे बल्कि इस बात की भी जानकारी लेंगे कि 40 साल से अधिक समय हो जाने के बाद किस तरह से रोपवे का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। क्योंकि लगातार मनसा देवी हो या उसके आसपास के इलाकों में भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में क्या-क्या उपाय रोपवे कंपनी और निगम के द्वारा किए गए हैं।

### पश्चिमी उप्र को मिली 20,700 करोड़ की 46 परियोजनाए

# बुलंदशहर में राम नाम लेकर मोदी ने फूंका चुनावी बिगुल

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएड/बुलंदशहर,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भगवान राम का नाम लेकर उप्र के बुलंदशहर से लोकसभा चुनावों का शंखनाद कर दिया। खुर्जा इलाके के चोला गांव में आयोजित जनसभा में उन्होंने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को भी याद किया। मोदी ने कहा कि इस धरती ने कल्याण सिंह जैसे सपूत दिए हैं। आज वो जहां हैं अयोध्या धाम को देखकर आनंदित हो रहे होंगे। ये हमारा सौभाग्य है। लेकिन अभी भी सशक्त राष्ट्र के निर्माण का, सामाजिक न्याय का सपना बढ़ाने के लिए हमें अपनी गति बढ़ानी है। हमें मिलकर काम करना है। अयोध्या में मैंने कहा था कि प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा का काम करना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को 20 हजार करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें चुनावी बिगुल फूंकने की जरूरत नहीं, वो हमेशा विकास का बिगुल फूंकते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी समाज के आखिर व्यक्ति के कल्याण के लिए बिगुल फूंकता है। मोदी को ना पहले जरूरत थी, ना आज जरूरत है और ना ही चुनाव का बिगुल फूंकने की आगे कभी जरूरत पड़ेगी। मोदी के लिए जनता जनार्दन ही चुनावी बिगुल फूंकती है, जब जनता मोदी के लिए बिगुल फूंकती है तो उन्हें अपना समय बिगुल फूंकने में नहीं लगाना पड़ता, उस समय को वह जनता जनार्दन की सेवा करने में लगाते हैं।

■ **बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलन्दशहर व मेरठ को मिली योजनाएं**

■ **डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर न्यू खुर्जा एवं न्यू रेवाड़ी स्टेशनों से दो मालगाड़ियों को हरी झंडी**



**चुनावी बिगुल फूंकने की जरूरत नहीं, मोदी विकास का बिगुल फूंकता है : नरेंद्र मोदी**

### यूपी में आर्थिक विकास को नई गति मिली'

पीएम मोदी ने कहा कि 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से उप्र में पुरानी चुनौतियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास को नई गति मिली है। भारत में दो बड़े डिफेंस कॉरिडोर पर काम हो रहा है। इनमें से एक पश्चिमी यूपी में बन रहा है। यूपी के हर हिस्से को आधुनिक एक्सप्रेसवे से कनेक्ट किया जा रहा है। भारत का पहला नमो भारत ट्रेन प्रोजेक्ट पश्चिमी उप्र में शुरू हुआ, उप्र के कई शहर मेट्रो सुविधा से जुड़ रहे हैं। यूपी ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का हब बन रहा है।

# लोस चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मीडिया कोऑर्डिनेटर किए नियुक्त

**देहरादून,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड कांग्रेस मीडिया विभाग ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की संस्तुति पर और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तराखंड मीडिया विभाग की नवनियुक्त प्रभारी डॉ. चयनिका उनियाल के मार्गदर्शन से लोकसभा चुनाव को लेकर हर स्तर पर मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं।

यह जानकारी देते हुए उत्तराखंड कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में विभिन्न मुद्दों पर पार्टी की विचारधारा को प्रचारित प्रसारित करने हेतु मण्डलवार, लोकसभा और और जिलेवार मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाए गये हैं। दसौनी ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में ब्लॉक स्तर पर भी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाएगें। पार्टी की रीति नीति जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए और मीडिया विभाग में बेहतर समन्वय के लिए ऐसा किया गया है। दसौनी ने कहा इसी कड़ी में गढ़वाल मंडल मीडिया प्रभारी के रूप में लखपत बुटोला जिम्मेदारी मिली है। कुमाऊँ मण्डल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी नीरज तिवारी को दी गई है। इसी क्रम में लोकसभा मीडिया समन्वयक के रूप में अल्मोड़ा में तारू तिवारी, नैनीताल में एडवोकेट कमलेश तिवारी, हरिद्वार में महेश प्रताप राणा, टिहरी में शांति प्रसाद भट्ट एवं पौड़ी में अद्वैत बहुगुणा को जिम्मेदारी दी गई है। दसौनी ने बताया कि विकेन्द्रीकरण को ध्यान में रखते हुए जिले स्तर पर भी समन्वयक बनाये गये हैं। जिनमें अल्मोड़ा से राजीव कर्नाटक, पिथौरागढ़ से खिमराज जोशी, चम्पावत से अशोक वर्मा, बागेश्वर से हरीश ऐठानी, नैनीताल से मनोज शर्मा, उधम सिंह नगर से अरविन्द आर्य, हरिद्वार से शुभम जोशी, टिहरी से जयवीर सिंह रावत, उत्तरकाशी से पवित्रा राणा, रुद्रप्रयाग से नरेन्द्र सिंह रुद्रप्रयाग से नरेन्द्र सिंह बिष्ट, पौड़ी से लाल सिंह नेगी, चमोली से मनोज रावत एवं देहरादून से शीशपाल सिंह बिष्ट को जिम्मेदारी दी गई हैं।



**सम्मान** *गणतंत्र दिवस पर विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित होंगे पुलिसकर्मी*

# उत्तराखंड पुलिस के छह अधिकारियों को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

**देहरादून, 25 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस के मौके पर उत्तराखंड पुलिस विभाग में कार्यरत अपर पुलिस महानिदेशक अजय प्रकाश अंशुमन और देहरादून एसएसपी अजय सिंह सहित कुल 6 अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से इस बार नवाजा जाएगा। राष्ट्रिति द्वारा यह सम्मान उत्तराखंड पुलिस के।**

लिए गौरव व हर्ष का विषय है। बता दें देहरादून जनपद के पुलिस कप्तान अजय सिंह को विशिष्ट और सराहनीय सेवा (पीएसएम) के लिए राष्ट्रपति पदक से आगामी 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के अवसर पर अलंकृत किया जाएगा। साथ ही उत्तराखंड पुलिस विभाग में अपर पुलिस महानिदेशक अपराध और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी निभा रहे । एडीजी अजय प्रकाश अंशुमन के साथ ही पुलिस मुख्यालय आईजी ऋद्धिम अग्रवाल, पौड़ी गढ़वाल एसएसपी श्वेता चौबे के अलावा एडिशनल सब इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह और हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह को भी राष्ट्रपति मेडल से नवाजा जाएगा। अजय सिंह इससे पहले हरिद्वार के कप्तान थे। अजय सिंह ने उत्तराखंड एसटीएफ में बतौर एसएसपी रहकर उत्तराखंड के सबसे बड़े यूकेएसएसएससीपेपर लीक मामले में करीब 52 आरोपियों की गिरफ्तारी की। अजय सिंह 2014 बैच के आईपीएस अफसर हैं। उन्होंने 2005 में प्रादेशिक पुलिस सेवा के जरिए पुलिस में बतौर डीएसपी सेवा शुरू की थी। 2018 में उनका प्रमोशन आईपीएस में हुआ। उन्हें 2014 बैच मिला। अजय सिंह देहरादून में एसपी सिटी भी रह चुके हैं। इससे पहले सीओ सिटी देहरादून, सीओ डालनवाला समेत देहरादून के कई पुलिस सर्किल में रहे हैं। वह हरिद्वार के एसपी देहात भी रहे हैं। आईपीएस श्वेता चौबे को साल 2006 में देहरादून में पहली पोस्टिंग सीओ सदर व यातायात के रूप में मिली। इसके बाद उन्होंने सीओ मसूरी, सीओ डालनवाला, सीओ यातायात की जिम्मेदारी भी संभाली। साल 2007 में वह हरिद्वार में सीओ यातायात रहीं। कुंभ 2010 में उन्हें सीओ यातायात का जिम्मा सौंपा गया। सितम्बर 2015 में उनका तबादला एसपी सिटी के पद नैनीताल हो गया।

अर्द्धकुंभ-2016 हरिद्वार में एसपी यातायात की जिम्मेदारी मिली। इसके बाद सीआईडी सेक्टर देहरादून की अपर पुलिस अधीक्षक और फिर देहरादून की एसपी सिटी बनीं। उसके बाद साल 2019 को आईपीएस प्रमोट होने के बाद एसपी कानून व्यवस्था पुलिस मुख्यालय व विजिलेंस की बखूबी जिम्मेदारी संभाली। उन्हें कोविड काल में शानदार काम करने के लिए सम्मानित भी किया गया। उसके बाद जनपद चमोली की नई कप्तान के रूप में जिम्मा मिला। जिसके बाद अब श्वेता चौबे पौड़ी गढ़वाल की एसएसपी हैं। 2005 बैच की महिला आईपीएस अधिकारी आईजी रिद्धिम अग्रवाल को अपर सचिव गृह से विशेष सचिव गृह की जिम्मेदारी दी गई है।



■ **दिल्ली में किया जाएगा सम्मानित**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर वेंकटेश्वरा में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित

# भारत को विश्व गुरु बनाने में योगदान दें युवा : बबीता फोगाट

■ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंची अंतरराष्ट्रीय पहलवान

■ प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने पूरे विश्व में बढ़ाया मां भारती का मान : डॉ. सुधीर



**मेरठ,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में नव मतदाता सम्मेलन 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूथ आईकॉन दंगल गर्ल बबीता फोगाट ने शामिल होकर युवाओं को मजबूत लोकतांत्रिक सरकार चुनने में अपनी वोट की चोट अधिकार का महत्व समझाया। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि बबीता फोगाट, समूह अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरी, प्रतिकूलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर, जिला अध्यक्ष उदयगिरि, भारतीय युवा मोर्चा के अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं भारत मां के चित्र पर पुष्प करके किया। इसके साथ ही संस्थान के सेंट्रल ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री का युवाओं के लिए नव मतदाता-भारत का भाग्य विधाता संबोधन सुनने के बाद बबीता फोगाट ने उपस्थित युवाओं को शपथ प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। बबीता फोगाट ने कहा कि आज आपकी बनाई गई पूर्ण बहुमत वाली सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारतीय एकता एवं अखंडता व विकास की पताका फैला रही है, मेरा सभी नव मतदाताओं से अनुरोध है कि एक बार फिर 2024 में अपनी वोट की चोट से एक स्थाई एवं पूर्ण बहुमत वाली लोकतांत्रिक सरकार का निर्माण का संकल्प लें, जिससे कि 2047 से पहले ही भारत विश्व गुरु बन जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने करिश्माई नेतृत्व से पूरे विश्व में मां भारती का मान बढ़ाने का काम किया है, यह देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। हम सबको भी मिलकर इस देश को विश्व गुरु बनाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में रहकर शानदार काम करते हुए अपना राष्ट्रधर्म निभाना होगा।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**मवाना,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। गुरुवार को मेरठ रोड स्थित महालक्ष्मी डिग्री कॉलेज मवाना में गुरुवार को मतदाता जागरूकता दिवस पर छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली और लोकतंत्र व मतदाता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज चेयरमैन डॉ. प्रवीण मित्तल, कॉलेज निदेशक डॉ.मोहित यादव, फार्मेसी प्रिंसिपल रणवीर सिंह, कॉलेज रजिस्ट्रार संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र-छात्राएं कॉलेज प्रांगण से जागरूकता रैली का बैनर और तख्तियों को लेकर फिटकरी और बना गांव की गलियों में मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए निकले। कॉलेज चेयरमैन डॉ. प्रवीण मित्तल ने कहा कि आज मतदाता जागरूकता का यह पर्व पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। मतदाता अपनी पसंद का नेता चुनता है, जो क्षेत्र का बेहतरी से प्रतिनिधित्व कर सके। आम जनता की प्रमुख समस्याओं को देश की संसद में उठा सके।

**रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक**

**मेरठ,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम के कम्यूनिटी आउटरीच क्लब समर्पित के सदस्यों ने मतदान दिवस के अवसर पर एक रैली निकाली। जिसको महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्रानी हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती लेकर चले और मतदाताओं को अपनी मत का उपयोग करने के लिए जागरूक किया। रैली में मुख्य रूप से कम्युनिटी आउटरीच क्लब समर्पितष् के अध्यक्ष रीमा विकल, उपाध्यक्ष प्रवीन शर्मा सदस्य रवीना, पूजा, नीतू, विपिन कुमार एवं विधार्थीगण मौजूद रहे।

# अच्छे लोकतंत्र के लिए मताधिकार का प्रयोग आवश्यक : जोशी

**मवाना,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में गुरुवार दोपहर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर तहसील स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार मवाना आकांक्षा जोशी रही। तहसीलदार आकांक्षा जोशी ने कहा कि अच्छे लोकतंत्र के लिए हमें अपने मताधिकार का बढ़-चढ़कर प्रयोग करना जरूरी है। मवाना तहसील के अंतर्गत एक नया आयाम स्थापित करना है तथा स्वीप के अंतर्गत जागरूकता अभियान को प्रदेश स्तर पर एक अपना वर्चस्व बनाना है। उन्होंने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम किसी लोभ लालच के बिना किसी धर्म जाति वर्ग से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का अपने देश के उत्थान में प्रयोग करेंगे। इस कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक की आयु के मतदाता धर्मपाल, फैजान व दिव्यांग रामकुमार व मनोज वर्मा तथा पहली बार मतदाता सूची में नाम अंकित करने प्राची, जारा, सादान , अशर्फियां को मतदाता पहचान पत्र तथा फूल देकर सम्मानित किया। रजिस्ट्रार कानूनगो अजय अग्निहोत्री, लेखपाल कुमारी स्वामी, विनय कुमार, संजीव, संदीप, अतुल, विजेंद्र व नरेंद्र को भी सम्मानित किया गया। इससे पहले प्रबंध समिति के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक एवं प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, वहीं अध्यक्ष व प्रबंधक तथा कोऑर्डिनेटर अंजू सिंह ने अतिथि तहसीलदार आकांक्षा जोशी को बुके, अंग वस्त्र, वेज, कैप तथा प्रशस्ति पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। उसके उपरांत मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। तहसील स्तर पर स्वीप के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्यो एवं नोडल अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। संचालन विभा जैन व इल्मा ने किया। प्रतिदिन जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं व उपस्थित अतिथियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। विशेष रूप से विशेष कुमार, शिवानंद शर्मा, सुनील गिर, राजीव कुमार, सचिन कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम






# संस्कारों से ही महान बनता है मानव : धनंजय मिश्रा

**फर्रुखाबाद,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। ग्राम झसी में मानव सम्मेलन को संबोधित करते हुए मानस पीयूष आचार्य धनंजय मिश्रा ने प्रभु श्री राम के चरित्र को गाते हुए कहा कि गुरु माता केकई के आशीर्वाद से राम केवल अयोध्या के नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के राम बने। संस्कारों के कारण ही मानव महान बनता है अपने से बड़ों का आशीर्वाद लेकर ही घर से निकलना चाहिए आज समाज में मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है। आज राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को रामचरितमानस से सीख लेनी चाहिए की मर्यादा को रखने के लिए यदि राजपाठ त्यागना पड़े तो उसको त्यागने में ही भलाई है श्री राम जी के चरित्र को सुनने से हमे अपने चरित्र को संभालने की जरूरत है।








# शराब के नशे में मारपीट

■ हिस्ट्रीशीटर सहित सात गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। शराब के नशे में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसकी सूचना पर पुलिस नें दोनों पक्षों के सात लोगों को गिरफ्तार कर शान्ति भंग में चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के इटावा-बरेली हाई-वे पर ग्राम जैनापुर के निकट शराब के नशे में दो पक्षों में विवाद हो गया।

जैनापुर के निकट स्थित ढावे पर एक पक्ष से जयदीप सिंह निवासी बरुआ जो की हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, संदीप सिंह महेशपुर, जगवीर निवासी उमेदपुर, अनुज सिंह निवासी निविया, दूसरे पक्ष से पवन सिंह, गौरव सिंह निवासी नयागांव, लल्ला निवासी तुर्कहटा के साथ शराब के नशे में कहांसुनी होने लगी।

मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों के सात लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कामिल खान ने बताया शराब के नशे में विवाद हुआ है। आरोपियों का शांत रंग में चालान किया गया।














# अयोध्या में श्रद्धालुओं को हो रहे श्रीरामलला के सुगम दर्शन

**लखनऊ,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। श्रीरामजन्मभूमि में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत अयोध्या में दर्शनार्थियों की भारी आवक देखने को मिल रही है। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के बाद पहली बार आमजन मानस के लिए खोले गए मंदिर में लगातार दर्शनार्थी पहुंचकर सुगम दर्शन का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। तीसरे दिन भी जन्मभूमि मार्ग पर दर्शनार्थियों की अटूट कतार बनी रही, लेकिन पहले दिन की अपेक्षा गुरुवार को यहां आपाधापी बिल्कुल भी नहीं दिखी। मंदिर के उद्घाटन के बाद से ही रामभक्तों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। सीएम द्वारा गठित उच्चस्तरीय कमेटी की देखरेख में प्रशासन और पुलिसबल व्यवस्था सुधारने में लगातार जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जिस तरह ग्राउंड जीरो पर उतरकर प्रशासन व मंदिर ट्रस्ट के साथ बैठक करके निर्देश दिए गए उससे स्थिति में बहुत सुधार आया है। इसके कारण मंगलवार को 5 लाख और बुधवार को करीब ढाई लाख से ज्यादा दर्शनार्थियों ने सुगम दर्शन प्राप्त किये। वहीं गुरुवार को दर्शनार्थियों को दर्शन लाभ प्राप्त करने में कही कोई दिक्कत नहीं दिखाई दी। प्राण प्रतिष्ठा आयोजन बाद प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए पूरे देशभर से रामभक्त बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं।






















































## रिश्वती कानूनगो विवेक तिवारी साथी सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथोकानून विवेक तिवारी उसके साथी को पकड़ लिया। थाना जहानगंज के ग्राम जैतपुर निवासी अमर सिंह ने अपने खेत की मेड़बंदी

### दस हजार की रिश्वत ली

की रिपोर्ट लगाने के लिए पिपरगांव क्षेत्र के कानून विवेक तिवारी से संपर्क किया। विवेक तिवारी ने अपने साथी जहानगंज निवासी उमाशंकर प्रजापति से संपर्क करने को कहा। उमाशंकर ने रिपोर्ट लगवाने के लिए 10 हजार रुपए मांगे। अमर सिंह की शिकायत पर कानपुर एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्रा इंस्पेक्टर रतनि आदि कर्मचारी दो वाहनों से तहसील सदर पहुंचे। रणजीत के तहत अमर सिंह ने कानून को विवेक तिवारी को 10 हजार रुपए दिए। तभी टीम के सदस्यों ने विवेक तिवारी व उमाशंकर को दबोच लिया। विवेक तिवारी के हाथ धुलवाने पर पानी लाल रंग का हो गया इस पानी को साक्ष्य बतौर बोतल में भरा गया। एंटी करप्शन टीम कानूनगो व उसके साथी को पड़कर थाना मऊदरवाजा ले गई। जहां उनसे व्यापक पूछताछ की जा रही है। सूत्र के अनुसार जनपद फतेहपुर निवासी विवेक तिवारी बीते माह तबादले पर तहसील सदर में आए थे।







गणतंत्र दिवस
के शुभ अवसर पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन मल्हन
अध्यक्ष
वी.के. सेठ
महासचिव
नोएडा एन्टेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (SINCE 1978)




NEXGEN ENERGIA LTD.
नेक्सज़ेन परिवार
की ओर से समस्त देश वासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 पीयूष द्विवेदी
चेयरमैन – नेक्सजेन एनर्जिया लिमिटेड
समाजसेवी और उद्योगपति
CBG (BIO-CNG) Pump Dealership
CBG (BIO-CNG) Manufacturing Plant
Electric Vehicles (EV)
Join hands with the fastest-growing
BIOFUEL & EV COMPANY
become our partner and make a difference
To know more please contact with us www.nexgenenergia.com 88005 99662
OUR BRANDS

First Time in
Greater Noida
Da Vinci Robot
Da Vinci Robotic
Surgical System
Precision Redefined: Step into the future of minimally invasive surgery. Da Vinci enhances the skills of expert surgeons, providing unmatched precision and control. Benefit from smaller incisions, shorter recovery times and reduced post-operative discomfort.
Benefits to patients
Faster Recovery | Reduced hospital stay | Reduced risk of wound infection
Minimal blood loss during surgery | Less damage to healthy tissue
HAPPY REPUBLIC DAY 26 JANUARY
YATHARTH
SUPER SPECIALITY HOSPITALS
GET BETTER
Sector Omega-1, Greater Noida | Call 8800447777, 8826447777

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 1.84 प्रतिशत |
| आईसीआईआई बैंक | 1.07 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.00 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.81 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.49 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 6.12 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.57 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.78 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.68 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.67 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 25 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## जल्द ही डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स व सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर को किया जाएगा लॉन्च : चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स लॉन्च करने और इंडिया सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर स्थापित करने की अपनी योजना की घोषणा की। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में सरकार, स्टार्टअप और बड़े उद्यमों के बीच साझेदारी को सक्षम बनाएगा। आईईएसए विजन समिट 2024 को संबोधित करते हुए, मंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में नरेंद्र मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। चन्द्रशेखर ने बताया, हम जल्द ही भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर की स्थापना करेंगे, जो सभी स्पेक्ट्रम में सेमीकंडक्टर इनोवेशन के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा जो भविष्य की प्रणालियों को चलाएगा। उन्होंने कहा, डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स कार्यक्रम में टियर 1 आपूर्तिकर्ता और ऑटोमोटिव औद्योगिक प्लेटफॉर्म भी शामिल होंगे, जो भविष्य के लिए



सिस्टम डिजाइन और इनोवेटिव करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। डिजिटल इंडिया फ्यूचरलैब्स पहल का उद्देश्य मानकों, आईपी, सिस्टम और प्लेटफार्मों में नेतृत्व को बढ़ावा देकर एक अनुसंधान और नवाचार ढांचे की स्थापना करके भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देना है। यह सहयोग के माध्यम से घरेलू नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, सतत विकास को बढ़ावा देने और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। सी-डैक को नोडल एजेंसी बनाते हुए यह कार्यक्रम ऑटोमोटिव, मोबिलिटी, कंप्यूट, संचार, रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक आईओटी जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह संयुक्त रूप से सिस्टम, मानक और आईपी कोर विकसित करने के लिए स्टार्टअप, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों और शिक्षा जगत के बीच सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा।

मंत्री ने कहा, पिछले कई वर्षों में, उद्देश्य नवाचार को उत्प्रेरित करना, स्टार्टअप का समर्थन करना और महत्वपूर्ण सफलता देखना रहा है, खासकर उपभोक्ता इंटरनेट क्षेत्र में। हमने जबरदस्त संख्या में स्टार्टअप और यूनिकॉर्न, निवेश और कई अवसरों का निर्माण देखा है, जो एक अभिनव पारिस्थितिकी तंत्र की विशेषता है।

### क्रोमा ने कई उत्पादों पर शानदार डील्स की घोषणा की

**दिल्ली** 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए, भारत के पहले और भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक हिस्सा, क्रोमा ने अपनी सबसे सस्ती और आकर्षक गणतंत्र दिवस सेल की घोषणा की है। 20 जनवरी से 28 जनवरी, 2024 तक चलने वाली सेल क्रोमा की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की विशाल रेन्ज उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। क्रोमा ने टीवी, रेफ्रिजरेटर, एसी, वॉशिंग मशीन, मोबाइल फोन, लैपटॉप, गीजर, माइक्रो ओवन, एयर फ्रायर, मिक्सर ग्राइंडर और कई अन्य क्रोमा ब्रांडेड उत्पादों, साथ ही साथ ऐप्पल, फिलिप्स, एलजी, सैमसंग, डाइकिन, रेडमी, फैबर, आईएफबी जैसे अन्य लोकप्रिय ब्रांडों आकर्षक डील्स और ऑफ़र की घोषणा की है। सिर्फ 999 रुपये से शुरू होने वाली ईएमआई सुविधा का लाभ उठाकर खरीदारी को और भी किफायती बनाएं। किसी भी पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स को एक्सचेंज करें और 5,000 रुपयों तक के लाभ पाएं। चुनिंदा बैंक ऑफ़र पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत छूट का आनंद लें। क्रोमा अग्रणी ब्रांडों के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद यहां प्रस्तुत किए हैं, हर उपभोक्ता की पसंद यहां ज़रूर पूरी होगी।

## बजाज ऑटो एमएंडएम को पछाड़कर भारत की तीसरी सबसे मूल्यवान ऑटो कंपनी बनी

**मुंबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। बजाज ऑटो प्रतिद्वंद्वी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) को पछाड़कर देश की तीसरी सबसे मूल्यवान ऑटो कंपनी बन गई है। बजाज ऑटो का मार्केट कैप गुरुवार को दो लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए एमएंडएम को पीछे छोड़ते हुए 2.04 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

मारुति सुजुकी का मार्केट कैप 3.13 लाख करोड़ रुपये है, जबकि टाटा मोटर्स का एमकैप 2.59 लाख करोड़ रुपये है। गुरुवार को बजाज ऑटो का शेयर 5.3 फीसदी की बढ़त के साथ 7,596 रुपये पर बंद हुआ।

कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और ऑटोमोबाइल विश्लेषक अरुण अग्रवाल ने कहा कि तिमाही-दर-तिमाही आधार पर घरेलू बजार में उसके दोपहिया वाहनों की बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ने के कारण बजाज ऑटो की ओवरऑल बिक्री तिमाही दर तिमाही 14 प्रतिशत बढ़ी। कमोडिटी की कीमतों में नरमी से समर्थन पाकर तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2023) में इसका कर पूर्व मुनाफासाल-दर-साल बढ़ा है, प्रति वाहन सकल लाभ और प्रति वाहन



कर पूर्व लाभ दूसरी तिमाही की तुलना में बेहतर हुआ है। घरेलू दोपहिया सेगमेंट में रिकवरी जारी रहने की उम्मीद है।

एलारा सिक्योरिटीज ने कहा, हम बजाज ऑटो के प्रदर्शन में लचीलेपन से प्रभावित हैं। यह इस तथ्य की पुष्टि करता है कि इसका मुनाफा अब तिपहिया के प्रदर्शन पर निर्भर नहीं है। घरेलू दोपहिया खुदरा बाजार हिस्सेदारी मौजूदा वित्त वर्ष में अब तक साल-दर-साल आधार पर डेढ़ फीसदी बढ़कर 12 प्रतिशत पर प्रभावशाली रही है। त्यौहारी सीज़न के बाद भी घरेलू दोपहिया उद्योग की बिक्री बढ़ी है। हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष में यह उच्च एकाई-अंक में बढ़ेगी।

## निसान और अक्षय पात्र नई दिल्ली में स्कूली बच्चों को उपलब्ध कराएंगे 50 लाख से ज्यादा भोजन

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) और भारत के सबसे बड़े गैर-लाभकारी संगठनों में शुमार द अक्षय पात्र फाउंडेशन (टीएपीएफ) की साझेदारी से हजारों स्कूली छात्र लाभान्वित हुए हैं। नई दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की भोजन एवं पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए दोनों जनवरी, 2023 से साथ काम कर रहे हैं। निसान मोटर इंडिया और अक्षय पात्र फाउंडेशन की यह पहल मजबूत एवं शिक्षित पीढ़ी को बढ़ावा देते हुए देश के लिए स्वस्थ भविष्य के निर्माण की दोनों की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। **प्रोजेक्ट के अहम बिंदु :** एनएमआईपीएल के सहयोग से टीएपीएफ ने 2023 में छात्रों को 50 लाख भोजन (मील) उपलब्ध कराए।, इस पहल ने जनवरी से दिसंबर, 2023 के बीच निम्न आय वर्ग के 49,000 से ज्यादा बच्चों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।,प्रोग्राम आउटरीच के तहत 300 से ज्यादा स्कूलों में भोजन बांटा गया।, हर भोजन ने एक बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण में योगदान दिया और स्वस्थ बचपन की नींव रखी। इस पहल को लेकर निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश श्रीवास्तव ने कहा, 'निसान मोटर इंडिया और अक्षय पात्र के बीच की यह साझेदारी प्रधानमंत्री की पोषण पहल के अनुरूप समाज में स्थायी बदलाव लाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है।

## स्वायत्त वाहन तकनीकी फर्म ऑरोरा ने 3 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की

**सैन फ्रांसिस्को,** 25 जनवरी (आईएएनएस। स्वायत्त वाहन प्रौद्योगिकी कंपनी ऑरोरा इनोवेशन ने इस साल की शुरुआत में अपने तीन प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के अनुसार, ऑरोरा ने 2023 के अंत तक लगभग 1,800 कर्मचारियों को रोजगार दिया था। ऑरोरा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिस्टोफर बैरेट ने कहा, जैसे-जैसे हम व्यावसायिक लॉन्च की ओर बढ़ रहे हैं, हमने हाल ही में पूरे संगठन की समीक्षा की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यथासंभव प्रभावी ढंग से और आवश्यक गति से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस प्रक्रिया के जरिए सीमित संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की गई, जिसका प्रभाव हमारे कुल कार्यबल के 3 प्रतिशत पर पड़ा। हाल की बाजार अनिश्चितता के




दौरान, हम ऐसे कार्यों को कम करने के लिए अपने संसाधनों के मामले में अविश्वसनीय रूप से विचारशील रहे हैं। यह छंटनी तब हुई है जब ऑरोरा सेल्फ-ड्राइविंग ट्रकों को तैनात करने की योजना बना रही है जो मानव चालक के बिना अमेरिकी राजमार्गों पर चल सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 के अंत तक कंपनी को 20 ड्राइवरलेस क्लास 8 ट्रक पेश करने की उम्मीद है। टेस्ला, उबर और वेमो के पूर्व कर्मचारियों द्वारा 2017 में स्थापित कंपनी ऑरोरा अपनी अत्याधुनिक तकनीक के व्यावसायीकरण के लिए आवश्यक धन सुरक्षित करने के लिए सार्वजनिक हो गई है। 2021 में, लिंक्डइन के सह-संस्थापक और निवेशक रीड हॉफमैन, ज़िंगा के संस्थापक मार्क पिंकस और एक प्रबंध भागीदार माइकल थॉम्पसन द्वारा शुरू की गई एक विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनी के साथ विलय के बाद ऑरोरा एक सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी बन गई। इस बीच, प्रयुक्त वाहनों को खरीदने और बेचने के लिए अमेरिका स्थित अग्रणी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्रूम ने इसकी घोषणा की है कि तरलता बनाए रखने और कंपनी को अपने शेष व्यवसायों के माध्यम से हितधारक मूल्य को अधिकतम करने में सक्षम बनाने के लिए यह अपने ई-कॉमर्स परिचालन और अपने प्रयुक्त वाहन डीलरशिप व्यवसाय को बंद कर रहा है।

### सार संक्षेप

### काइनेटिक ग्रीन की ई-लूना की बुकिंग आज से


**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी काइनेटिक ग्रीन जल्द ही बहुप्रतीक्षित और लोकप्रिय लूना को ई-लूना, एक बहु-उपयोगिता ई2डब्ल्यू के रूप में बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक अवतार में लॉन्च करने के लिए तैयार है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर आज घोषणा की कि 26 जनवरी से इसकी बुकिंग शुरू होगी। स्मार्ट, मजबूत और हेवी-ड्यूटी ई-लूना को काइनेटिक ग्रीन वेबसाइट पर 500 रुपये में प्री-बुक किया जा सकता है। काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने पौराणिक लूना को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक अवतार में फिर से पेश करने पर अपना उत्साह व्यक्त किया, 'हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि प्रतिष्ठित लूना एक बिल्कुल नए इलेक्ट्रिक अवतार में वापसी कर रही है। आज , काइनेटिक ग्रीन स्मृति लेन की यात्रा पर निकलता है। ई-लूना को फरवरी 2024 की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा। हमने नागरिकों को ई-लूना पेश करने के लिए इस दिन को चुना है। भारत, क्योंकि ई-लूना न केवल पूरी तरह से %मेड इन इंडिया% है, बल्कि मेड फॉर इंडिया भी है। ई-लूना को एक मजबूत और टिकाऊ ईवी के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जो न केवल मेट्रो और टियर में उपभोक्ताओं की सड़क की स्थिति और ड्राइविंग आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है। ई-लूना इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में नवाचार का प्रतिनिधित्व करता है क्योंकि इसे व्यक्तिगत आवागमन और छोटे व्यवसायों सहित विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### क्रोमा ने गणतंत्र दिवस की खुशी में कई उत्पादों पर शानदार डील्स की घोषणा की

नोएडा। भारत के गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए, भारत के पहले और भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक हिस्सा, क्रोमा ने अपनी सबसे सस्ती और आकर्षक गणतंत्र दिवस सेल की घोषणा की है। 20 जनवरी से 28 जनवरी, 2024 तक चलने वाली सेल क्रोमा की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की विशाल रेन्ज उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। क्रोमा ने टीवी, रेफ्रिजरेटर, एसी, वॉशिंग मशीन, मोबाइल फोन, लैपटॉप, गीजर, माइक्रो ओवन, एयर फ्रायर, मिक्सर ग्राइंडर और कई अन्य क्रोमा ब्रांडेड उत्पादों, साथ ही साथ ऐप्पल, फिलिप्स, एलजी, सैमसंग, डाइकिन, रेडमी, फैबर, आईएफबी जैसे अन्य लोकप्रिय ब्रांडों आकर्षक डील्स और ऑफ़र की घोषणा की है। सिर्फ 999 रुपये से शुरू होने वाली ईएमआई सुविधा का लाभ उठाकर खरीदारी को और भी किफायती बनाएं। किसी भी पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स को एक्सचेंज करें और 5,000 रुपयों तक के लाभ पाएं। चुनिंदा बैंक ऑफ़र पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत छूट का आनंद लें। क्रोमा अग्रणी ब्रांडों के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद यहां प्रस्तुत किए हैं, हर उपभोक्ता की पसंद यहां ज़रूर पूरी होगी।

## टेक महिंद्रा में भारी बिकवाली से बाजार लुढ़का

**मुंबई** 25 जनवरी (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के कमजोर परिणाम के दबाव में टेक महिंद्रा के छह प्रतिशत से अधिक लुढ़कने से शेयर बाजार ने आज पिछले दिवस की तेजी गंवा दी और करीब आधे प्रतिशत की गिरावट पर रहा। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टेक महिंद्रा का वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर शुद्ध मुनाफा 60.6 प्रतिशत कम होकर 510 करोड़ रुपये पर आ गया। इससे हतोत्साहित निवेशकों की भारी बिकवाली से गुरुवार को टेक महिंद्रा के शेयर छह प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। इससे बाजार पर दबाव बना और बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 359.64 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 70,700.67 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 21,352.60 अंक रह गया। वहीं, बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी कंपनियों में लिवाली हुई जबकि मझौली कंपनियों के शेयर फिसल गए। मिडकैप 0.36 प्रतिशत उतरकर 37,746.29 अंक पर आ गया जबकि स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 44,363.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3899 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1681 में गिरावट जबकि 2130 में तेजी रही वहीं 88 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां लाल जबकि 16 हरे निशान पर बंद हुई। बीएसई के नौ समूहों पर बिकवाली का दबाव रहा। इससे एफएमसीजी 1.01, वित्तीय सेवाएं 0.36, हेल्थकेयर 0.89, आईटी 1.23,




दूरसंचार 1.21, बैंकिंग 0.58, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.44, तेल एवं गैस 0.52 और टेक समूह के शेयर 1.39 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.50, यूटिलिटीज 1.63, पावर 1.76, रियल्टी 0.69 और सर्विसेज समूह में 0.76 प्रतिशत की तेजी रही। विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 और जर्मनी का डैक्स 0.33 प्रतिशत फिसल गया। वहीं, जापान का निक्केई 0.03, हांगकांग का हैंगसेंग 1.96 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 3.03 प्रतिशत का उछाल रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 38 अंक फिसलकर 71,022.10 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 71,049.46 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 70,319.04 अंक के निचले स्तर पर आ गया। संभलने की तमाम कोशिशों के बावजूद अंत में पिछले दिवस के 71,060.31 अंक के मुकाबले 0.51 प्रतिशत गिरकर 70,700.67 अंक रह गया।

निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 21,454.60 अंक पर सपाट खुला। सत्र के दौरान यह 21,459.00 अंक के उच्चतम जबकि 21,247.05 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,453.95 अंक की तुलना 0.47 प्रतिशत उतरकर 21,352.60 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 19 कंपनियों में से टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 6.12 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही भारती एयरटेल 2.57, आईटीसी 1.78, विप्रो 1.68, एशियन पेंट 1.67, एचसीएल टेक 1.54, एक्सिस बैंक 1.48, एचडीएफसी बैंक 1.41, नेस्ले इंडिया 1.35, कोटक बैंक 1.21, टाटा स्टील 1.11, टीसीएस 1.03, एसबीआई 0.87, मारुति 0.84, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.57, सन फार्मा 0.54, पावरग्रिड 0.30, इंफ़ोसिस 0.22 और अल्ट्रासिमको के शेयर 0.09 प्रतिशत कमजोर रहे। वहीं, एनटीपीसी 1.84, आईसीआईआई बैंक 1.07, इंडसइंड बैंक 1.00, रिलायंस 0.81, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.49, बजाज फाइनेंस 0.37, बजाज फिनसर्व 0.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.29, टाइटन 0.14, टाटा मोटर्स 0.07 और एलटी के शेयर 0.04 प्रतिशत लाभ में रहे।

## जोमैटो को ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए आरबीआई की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो ने गुरुवार को घोषणा की कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई जोमैटो पेमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेडपीपीएल) को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए प्राधिकार प्रमाणपत्र मिल गया है। प्राधिकार 24 जनवरी से प्रभावी हुआ। ज़ोमैटो ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, हम सूचित करना चाहते हैं कि आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, जेडपीपीएल को 24 जनवरी 2024 से देश में ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर के रूप में काम करने के लिए आरबीआई से प्राधिकार प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। इसके साथ, ज़ोमैटो पेमेंट्स ने खाद्य वितरण और रेस्तरां खोज से परे डिजिटल भुगतान के दायरे में अपनी भूमिका का विस्तार किया है। इस हालिया विकास के अलावा, ज़ोमैटो ने ज़ोमैटो यूपीआई के नाम से अपना स्वयं का एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) पेश करने के लिए पिछले साल आईसीआईसीआई बैंक के साथ साझेदारी की थी। इस महीने की शुरुआत में, ज़ोमैटो ने उभरते रेस्तरां भागीदारों का समर्थन करने के लिए डेली पेआउट्स नामक एक नई सुविधा पेश की। कंपनी के मुताबिक, फिलहाल यह सुविधा उन रेस्तरां पार्टनर्स के लिए उपलब्ध होगी, जिन्हें महीने में 100 या उससे कम ऑर्डर मिलते हैं। ज़ोमैटो ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, विभिन्न रेस्तरां भागीदारों के साथ हमारी चर्चा ने पारंपरिक साप्ताहिक भुगतान प्रणाली का उपयोग करते हुए छोटे भोजनालयों के सामने आने वाली वित्तीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला।




## अमेरिका स्थित निवेश फर्म फिडेलिटी ने पाइन लैब्स, मीशो के मूल्यांकन घटाये

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। वैश्विक निवेश फर्म फिडेलिटी ने फिनटेक यूनिकॉर्न पाइन लैब्स और ई-कॉमर्स कंपनी मीशो का मूल्यांकन कम कर दिया है। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) के साथ नियामक फाइलिंग के अनुसार, फिडेलिटी ने पाइन लैब्स का मूल्यांकन 4.7 अरब डॉलर से घटाकर तीन बिलियन डॉलर और मीशो का मूल्यांकन पाँच अरब डॉलर से घटाकर 4.1 अरब डॉलर कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका स्थित फिडेलिटी ने पहले जुलाई 2023 में दोनों कंपनियों का मूल्यांकन किया था। अमेरिका स्थित निवेश कंपनी इनवेस्को ने हाल ही में पाइन लैब्स के मूल्यांकन को 4.1 अरब डॉलर से संशोधित कर 3.9 अरब डॉलर कर दिया था। फिडेलिटी ने अक्टूबर 2021 में मीशो के सीरीज एफ राउंड में लगभग 4.2 करोड़ डॉलर का निवेश किया था। पाइन लैब्स में फिडेलिटी का नवीनतम राउंड जुलाई 2021 में था जब सिंगापुर-पंजीकृत कंपनी ने 60 करोड़ डॉलर जुटाए थे। अग्रणी मर्चेंट कॉमर्स प्लेटफॉर्म पाइन लैब्स का राजस्व मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में 1,588 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो इससे पहले के वित्त वर्ष में 1,017 करोड़ रुपये था, जो 56.15 प्रतिशत की वृद्धि है। सिंगापुर में दायर समेकित वित्तीय विवरणों के अनुसार, पाइन लैब्स का घाटा वित्त वर्ष 2013 में 12.3 प्रतिशत कम होकर 227 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2012 में यह 259 करोड़ रुपये था। पीक एक्सवी पार्टनर्स समर्थित कंपनी पिछले दो वित्तीय वर्षों में परिचालन पैमाने के मामले में दो गुना से अधिक बढ़ी है (इसने वित्त वर्ष 2020-21 में 726 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया)। इस बीच, घरेलू सोशल कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो को वित्त वर्ष 2022-23 में 1,675 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ जो वित्त वर्ष 2021-22 के 3,251 करोड़ रुपये की तुलना में 49 प्रतिशत कम है।

## रियायती कर वाली कंपनियों को विनिर्माण शुरू करने को मार्च, 2027 तक समय हो : फियो

**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। निर्यातकों के शीर्ष मंच 'फियो' ने सरकार से विनिर्माण क्षेत्र और निर्यात में अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अंतरिम बजट में 15 प्रतिशत रियायती आयकर दर का लाभ उठाने वाली कंपनियों के लिए विनिर्माण शुरू करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2024 से बढ़ाकर 31 मार्च, 2027 किए जाने की सिफारिश की है।

इस बार चुनावी वर्ष में अगले माह के प्रारंभ में लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट से पहले फियो ने विनिर्माण और निर्यात क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए कंपनियों के अनुसंधान एवं विकास पर खर्च पर कर प्रोत्साहन बढ़ाए जाने की सिफारिश की हैं। फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष इसरार अहमद द्वारा सरकार को वित्त वर्ष 2024-25 के दिए गए सुझावों में यह भी कहा गया है कि सतत निर्यात वृद्धि के लिए अनुसंधान एवं विकास समर्थन महत्वपूर्ण। फियो ने कहा है कि अनुसंधान एवं विकास भारत में विनिर्माण और नवाचार को सक्षम करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक है, जो विशेष रूप से दवा, जैव-प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, विमानन, वाहन, उच्च दक्षता वाले



इंजीनियरिंग उत्पाद जैसे ज्ञान आधारित क्षेत्रों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों के निर्यात के लिए महत्वपूर्ण है। फियो अध्यक्ष ने कहा है कि दुर्भाग्य से भारत में अनुसंधान एवं विकास पर खर्च जीडीपी के एक प्रतिशत से भी कम है। इसके विपरीत चीन में यह अनुपात 2.43 प्रतिशत, अमेरिका में3.46 प्रतिशत, कोरिया में 4.93प्रतिशत, इजरायल में 5.56 प्रतिशत है।


फियो ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग से मान्यता प्राप्त निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की विनिर्माण कंपनियों के मान्यता प्राप्त अनुसंधान एवं विकास केंद्रों को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 (2एबी) के तहत मिलने वाले कर प्रोत्साहनों को को बढ़ाए जाने की सिफारिश की है। फियो का कहना है कि इस धारा के तहत तहत अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के संचालन के लिए किए गए पूंजीगत और आवर्ती व्यय पर 200प्रतिशत की दर से भारित कर कटौती बहाल की जानी चाहिए। फियो का सुझाव है कि धारा 35(2एबी) के तहत लाभ का विस्तार सीमित देयता भागीदारी, (एलएलपी), साझेदारी फर्म और मालिकाना फर्म तक भी किया जाना चाहिए, क्योंकि एमएसएमई इकाइयां बड़े पैमाने पर इन्हीं श्रेणियों से आती हैं।फियो ने भारत की एक वैश्विक शिपिंग लाइन विकसित किए जाने की सिफारिश करते हुए कहा है कि देश ने 2021 में परिवहन सेवा शुल्क के रूप में 80 अरब डॉलर से अधिक का भुगतान किया। सुझावों में कहा गया है कि चूंकि, देश एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, यह खर्च 2030 तक 200 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

फियो अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय शिपिंग लाइन की परिवहन सेवाओं में 25प्रतिशत हिस्सेदारी से भी साल-दर-साल 50 अरब डॉलर तक की बचत की जा सकती है।

# खेल जगत

## सबालेंका ने लगातार फाइनल में प्रवेश किया

**मेलबर्न,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियन ओपन की मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को यहां रॉड लेवर एरेना में एक रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में कोको गॉफ को 7-6(2) 6-4 से हराकर अपनी दृढ़ता का प्रदर्शन किया। बेलारूसी की 7-6(2) 6-4 की जीत ने न केवल 2023 यूएस ओपन फाइनल में गॉफ के हाथों मिली पिछली हार का बदला लिया, बल्कि इतिहास में सबालेंका का नाम भी दर्ज कर दिया। लगातार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचने की उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि टेनिस लीजेंड सेरेना विलियम्स की उपलब्धि को प्रतिबिंबित करती है, जिन्होंने आठ साल पहले भी ऐसा ही किया था। अंतिम क्षितिज को देखते हुए, सबालेंका को अब 12वीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन और यूक्रेनी क्वालीफायर दयाना यास्त्रेम्स्का के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे का इंतजार है। मंच एक प्रदर्शन के लिए तैयार है जो यह निर्धारित करेगा कि शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन के रूप में पोडियम पर कौन खड़ा होगा।



# भारत की फिरकी में फंसे अंग्रेज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- अश्विन, जडेजा और अक्षर ने आपस में आठ विकेट
- बांट इंग्लैंड की पहली पारी 246 रन पर समेटी
- कप्तान स्टोक्स ने बेजबॉल शैली में खेली 70 रन की तूफानी पारी
- यशस्वी के अविजित अर्धशतक से भारत का बढ़िया जवाब

नई दिल्ली, 25 जनवरी (देशबन्धु)। भारत के ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन(3/68), बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा (3/88) और अक्षर पटेल (2/33) की त्रिमूर्ति ने एक इकाई के रूप में धैर्य से गेंदबाजी कर स्पिन का जाल बुन आपस में आठ विकेट बांट मेहमान टीम के %बाज% के नाम से ख्यात चीफ ब्रेंडन मैकलुम की शुरू से दे दनादन की बल्लेबाजी की %बेजबॉल% की नई रणनीति पर लगाम लगाते हुए इंग्लैंड की पहली पारी हैदराबाद में बृहस्पतिवार को शुरू पांच टेस्ट मैच की सीरीज के पहले टेस्ट के पहले दिन चायकाल के करीब पौने घंटे बाद 64.3 ओवर में 246 पर समेट दी। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में इंग्लैंड को इस स्कोर तक पहुंचाने में पारी के आखिरी में %बेजबॉल' की रणनीति पर अमल करते हुए कप्तान बेन स्टोक्स की 88 गेंदों पर तीन छक्कों और छह चौकों की मदद से 70 रन की तूफानी पारी का अहम योगदान रहा। भारत के सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (2/28) ने अपने नौवें ओवर की तीसरी तेजी से भीतर आती गेंद पर स्टोक्स को बोल्ड कर उनकी और इंग्लैंड की पारी समेटी। बेन स्टोक्स ने आउट होने से पहले टॉम हार्टले(23, एक छक्का, 2 चौके) के साथ आठवें विकेट की 38 रन, मार्क वुड (11 रन, 24 गेंद, दो चौके) के साथ नौंवे विकेट के लिए 40 रन की भागीदारी कर इंग्लैंड को कुछ सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। हार्टले को जडेजा और मार्क वुड को अश्विन ने बोल्ड कर अपना अपना तीसरा विकेट चटकाया।

नौजवान यशस्वी जायसवाल के शानदार अविजित अर्द्धशतक और कप्तान रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट की 80 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने अपना पहले दिन बंद होने तक पहली पारी एक विकेट खोकर 119 रन बनाकर करारा जवाब दिया। पहले दिन का खेल बद होने के समय यशस्वी 70 गेंद खेल कर तीन छक्कों और नौ चौकों की मदद से 79 और शुभमन गिल 43 गेंद खेल कर एक चौके की मदद से क्रीज 14 रन बना क्रीज पर डटे थे। यशस्वी और शुभमन अब तक दूसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़ चुके हैं। भारत अब इंग्लैंड से मात्र 127 रन पीछे है और उसके नौ विकेट बाकी हैं। भारत ने तूफानी अंदाज में आगाज किया और मात्र 7 ओवर में 51 रन बना डाले । इंग्लैंड के साथ नई गेंद से तूफानी गेंदबाज मार्क वुड के साथ दूसरे छोर से बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले ने गेंदबाजी का आगाज किया। नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बाएं हाथ के स्पिनर हर्टले की गेंद मिडविकेट बाउंड्री पर चौका जड़ अपना अर्द्धशतक 47 गेंद खेल कर दो छक्कों और सात चौकों की मदद से पूरा किया। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा(24 रन, 27 गेंद, तीन चौके) इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच के चौथे ओवर की दूसरी गेंद को सीधा बाउंड्री के उपर से उड़ाने की कोशिश में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को मिड ऑन पर कैच थमा बैठे और भारत ने तेज आगाज के बाद पहला विकेट पारी के13वें ओवर में 80 रन पर खो दिया।

इससे पहले अपनी %बेजबॉ़ल' की रणनीति से इंग्लैंड ने तेज आगाज के बाद पांच रन के भीतर पांच ओवर में तीन विकेट के बाद जो रूट और जॉनी बैरिस्टो की चौथे विकेट की 48 रन की असमाप्त भागीदारी की बदौलत लंच तक टॉस जीतने के बाद पहली बार में 28 ओवर में तीन विकेट पर 108 रन बनाए। इंग्लैंड ने टॉस जीत कर अपनी %बेजबॉल' शैली में टेस्ट क्रिकेट में दे दनादन के अंदाज कर शुरू के आठ ओवरों में ही 41 रन जोड़े तो तब मैच भारत की पहुंच से बाहर ले जाती लगी। अपने तुरुप के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने अगले आठ ओवर में भारत ने 20 रन के भीतर इंग्लैंड के तीन विकेट चटका लंच से पहले ही पहले सत्र में उसकी पहले टेस्ट में वापसी करा दी। बेन डकेट (35 रन, 39 गेंद, 9 चौके ) ऑफ स्पिनर अश्विन की गेंद को टर्न के लिए खोले लेकिन गेंद बहुत तेजी से निकली और गेंद उनके पैड पर लगी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया और इंग्लैंड ने पहला विकेट 12 वें ओवर की पहली गेंद पर 55 रन पर खोया। स्कोर में तीन रन ही और जुड़े कि ओली पॉप(1) को बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने अपनी तेज गेंद को कट करने पर मजबूर कर कप्तान रोहित शर्मा के स्लिप में लपके। जैक क्रॉली (20 रन, 40 गेंद, 3 चौके) ने प्रहार करने की कोशिश में मिड ऑफ पर सिराज को कैच करा इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 60 कर दिया। लंच तक अश्विन का गेंदबाज विश्लेषण था 8-0-20-2।

इंग्लैंड ने लंच के बाद तीन विकेट पर 108 रन से आगे खेलना शुरू किया चायकाल तक 108 रन जोड़ पांच विकेट और खोए और आठ विकेट पर 215 बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने अपने सातवें और पारी के 33 ओवर में जॉनी बैरिस्टो(37 रन, पांच चौके,65 गेंद) की तेजी से स्पिन होती भीतर आती गेंद पर बोल्ड कर इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट 121 कर दिया। बेरिस्टो के आउट होने के साथ उनकी और जो रूट की चौथी विकेट की 61 रन की भागीदारी के टूटने से भारत ने राहत की सांस ली। इंग्लैंड के स्कोर में चार रन ही और जुड़े कि जो रूट (29 रन, 60 गेंद, एक चौका) ने लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में शॉर्ट फाइन लेग पर जसप्रीत बुमराह को कैच थमा दिया और इंग्लैंड ने पांचवां विकेट 36 वें ओवर में 125 रन पर खो दिया। लंच के बाद भारत ने आठ ओवर के भीतर 17 रन के भीतर दो विकेट खो दिए। अक्षर पटेल की गेंद ऑफ स्टंप पर गिर कर बाहर की ओर घूमी और बेन फॉक्स(4) के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर उछली विकेटकीपर केएस भरत के दस्तानों में जा समाई और इंग्लैंड ने छठा विकेट 137 रन खो दिया। रेहान अहमद(13 रन, 18 गेंद, एक चौका) ने जसप्रीत बुमराह की भीतर आती गेंद पर बल्ला चलाया और गेंद उनके ग्लब्स का भीतरी किनारा लेकर विकेटकीपर केएस भरत के हाथों लें जा पहुंची और इंग्लैंड ने सातवां विकेट पारी के 49 वें ओवर मे 155 रन पर खो दिया। रवींद्र जडेजा ने अपनी एक तेजी से स्पिन लेती गेंद पर टॉम हार्टले(23, एक छक्का, 2 चौके) को बोल्ड उनकी और कप्तान बेन स्टोक्स की आठवें विकेट की 38 रन की भागीदारी को तोड़ कर इंग्लैंड का स्कोर आठ विकेट पर 193 रन कर दिया। बेन स्टोक्स ने रवींद्र जडेजा के 18 वें ओवर की पहली गेंद को गोल्फर की तरह लॉन्ग ऑन के उपर से उड़ा 69 गेंद खेल एक छक्के और पांच चौकों की मदद से अपना अर्द्धबशतक पूरा किया और अगली गेंद को डीप मिडविकेट के उपर से उड़ा लगातार दूसरा छक्का जड़ इस ओवर में 13 रन बनाए। चायकाल के बाद अश्विन ने चायकाल के बाद वुड को बोल्ड कर इंग्लैंड का स्कोर नौ विकेट पर 234 कर दिया और बुमराह ने स्टोक्स को बोल्ड कर इंग्लैंड की पहली पारी समेटी।

## हर खिलाड़ी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने को प्रतिबद्ध : सिमरनजीत



**नई दिल्ली,** 25 जनवरी (देशबन्धु)। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भारत को हॉकी टीम को चार दशक बाद कांसे के रूप में पहला पदक जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले स्ट्राइकर सिमरनजीत सिंह की अगुआई में भारतीय टीम मस्कट में होने वाले एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप में शिकरने के लिए बेंगलुरू से बृहस्पतिवार को मस्कट के लिए रवाना हो गई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पूल बी में मिस्र, जमैका और स्विट्जरलैंड के साथ है। पूलए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, स्विट्जरलैंड और पोलैंड की टीम हैं जबकि पूल सी में ऑस्ट्रेलिया, केन्या,, न्यूजीलैंड और त्रिनिडाड एंड टोबैगो की टीम हैं जबकि पूल में फिजी, मलयेयिया, ओमान और अमेरिका की टीमें हैं।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान सिमननजीत ने कहा, भारतीय टीम की एफटाईएच पुरुष हॉकी 5 विश्व कप में कप्तानी करना बड़े सम्मान की है। हमने इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह पाने के लिए खासी मेहनत की है। हमारी टीम का हर खिलाड़ी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने को प्रतिबद्ध है। हम चुनौती को लेकर रोमांचित हें और हमारा मकसद अपने प्रशंसकों के सहयोग से भारत का गौरव बढ़ाना है।

अपने कप्तान की राय से इत्तफाक जताते हुए उपकप्तान मनदीप मोर ने कहा, भारतीय टीम की उपकप्तानी की जिम्मेदारी सम्मान की बात हे। हमारी टीम एक मजबूत इकाई है और हम हॉकी 5 विश्व कप जैसे चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं। हम क्वालीफायर में अपनी कूवत दिखा चुके हैं। हमारा फोकस हॉकी 5 विश्व कप में दमदार प्रदर्शन है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हॉकी 5 में अवने अभियान का आगाज 28 जनवरी सुबह 11.10 बजे स्विटरजलैंड से खेलेगी और शाम को साढ़े सात बजे मिस्र से खेलेगी। भारतीय टीम अपना अंतिम ग्रुप मैच 29 जनवरी को जमैका से खेलगी। क्वॉर्टर फाइनल और सेमीफाइनल 30 जनवरी को खेले जाएं जबकि फाइनल 31 जनवरी के खेलस जाएगा।

### हॉकी 5 विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

**अग्रिम पंक्ति** : सिमरनजीत सिंह(कप्तान), पवन राजभर, गुरजोत सिंह, उत्तम सिंह।

**मध्य पंक्ति** : मोहम्मद रहील मौहसीन व मनिंदर सिंह

रक्षापंक्ति मनदीप मोर (उपकप्तान), मंजीत।

**गोलरक्षक** : सूरज करकेरा, प्रशांत कुमार चौहान

## हेजलवुड ने विकेट गिरने का जश्न मनाते हुए कोविड पॉजिटिव ग्रीन को दूर रहने के लिए कहा



■ कोविड पॉजिटिव होने के बावजूद टेस्ट मैच खेल रहे हैं कैमरून ग्रीन

**ब्रिस्बेन,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट मैच में विकेट का जश्न मना रहे टीम के साथी कैमरन ग्रीन को परे धकेल दिया, क्योंकि कैमरून ग्रीन कोरोना पॉजिटिव थे।

एडिलेड में पिछले टेस्ट से अपनी सफलता को दोहराने का लक्ष्य रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को खुद को कोविड-19 वायरस की अवांछित उपस्थिति का सामना करना पड़ा।

ट्रैविस हेड, कैमरून ग्रीन और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स ने सकारात्मक परीक्षण किया, जिससे टीम पर एक क्षणिक प्रभाव पड़ा। जबकि हेड ब्रिस्बेन टेस्ट के लिए समय पर ठीक होने में कामयाब रहे, मैकडोनाल्ड्स और ग्रीन को समूह से सतर्क दूरी बनाए रखनी पड़ी।

हालाँकि, कहानी में मोड़ तब आया जब ग्रीन को सकारात्मक परीक्षण के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की अंतिम एकादश में जगह मिल गई। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कोविड -19 प्रोटोकॉल, उनके दृष्टिकोण में सूक्ष्म, खिलाड़ियों को कुछ प्रतिबंधों और सावधानियों के साथ भाग लेने की अनुमति देते हैं। राष्ट्रगान के दौरान अपने साथियों से अलग खड़े ग्रीन ने इस अभूतपूर्व समय के बीच आवश्यक अनुकूलनशीलता का परिचय दिया।

जैसे ही वेस्टइंडीज ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, शुरुआती विकेट गिरने के जश्न के साथ खेल शुरू हुआ और एक अनोखी घटना घटी। जोश हेज़लवुड को, जश्न के माहौल में, कैमरून ग्रीन को दूरी बनाए रखने की याद दिलानी पड़ी, जिससे मैदान पर जीत की गर्मी में भी कोविड -19 प्रोटोकॉल की गंभीरता पर प्रकाश डाला गया।

इससे पहले, स्टीव स्मिथ ने मैच की पूर्व संध्या पर आश्वासन देते हुए सकारात्मक परीक्षण परिणामों के बावजूद ग्रीन की शारीरिक भलाई की पुष्टि की। वह ठीक है, स्मिथ ने घोषणा की। कोई भी शारीरिक ड्रामा नहीं, बस परीक्षण सकारात्मक आया। वह और एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स दोनों ठीक हैं।

## नामीबिया को 7-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में भारत



**मस्कट,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 के अपने अंतिम पूल सी मैच में नामीबिया के खिलाफ 7-2 से जीत हासिल की, और अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 26 जनवरी को पूल डी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।

पोलैंड और अमेरिका के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद भारत नामीबिया के खिलाफ आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरा। खेल के पहले चार मिनट में दो गोल करके उन्होंने कुछ ही समय में नामीबिया को बैकफुट पर ला दिया। पहला गोल उप कप्तान महिमा चौधरी (3) ने किया जबकि दूसरा गोल दीपिका सोरेंग (4) ने किया।

पहले हाफ में कोई और गोल नहीं हुआ लेकिन यह स्पष्ट था कि भारत ने खेल पर पूरा नियंत्रण कर लिया था, क्योंकि हाफ टाइम तक स्कोर 2-0 था। नामीबिया ने खेल का अपना पहला गोल दूसरे हाफ की शुरुआत में जिवांका क्रुगर (18) के साथ किया और अपना खाता खोला, लेकिन भारत ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और महिमा चौधरी (19) ने अपना दूसरा गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त हासिल करने में मदद की। दीपिका सोरेंग (26) ने अपना दूसरा गोल करने से पहले ऋतुजा दादासो पिसल (22) और अक्षता अबासो ढेकाले (23) ने भारत की बढ़त में इजाफा किया, जिससे चार मिनट शेष रहते भारत 6-1 से आगे हो गया। अजमीना कुजूर (28%) ने भी भारत के लिए गोल किया, इससे पहले

## सीह-मर्टेंस की जोड़ी महिला युगल के फाइनल में



**मेलबर्न,** 24 जनवरी (एजेंसियां)। नंबर 2 वरीयता प्राप्त बेल्जियम -ताइपे जोड़ी सीह सू-वेई और एलीस मर्टेंस ने गुरुवार को नंबर 3 वरीयता प्राप्त चेक-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी स्टॉर्म हंटर और कैटरीना सिनियाकोवा के खिलाफ रोमांचक सेमीफाइनल में 7-5, 1-6, 6-3 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन महिला युगल फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। । सीह और मर्टेंस को यहां मार्गरेट कोर्ट एरेना में डब्ल्यूटीए डबल्स वर्ल्ड नंबर 1 रैंकिंग रखने वाले चार खिलाड़ियों के एक रोमांचक मैच में हंटर और सिनियाकोवा को हराने में 2 घंटे और 35 मिनट का समय लगा।

मर्टेंस महिला युगल में अपने चौथे ग्रैंड स्लैम खिताब और ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम खिताब से एक जीत दूर हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, उन्होंने 2021 में डाउन अंडर खिताब जीतने के लिए आर्यना सबालेंका के साथ मिलकर काम किया। दूसरी ओर, सीह ने महिला युगल में छह ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं - जिसमें पिछले साल के दो भी शामिल हैं - लेकिन उन्हें अभी तक मेलबर्न में खिताब हासिल करना बाकी है। उनका सर्वश्रेष्ठ ऑस्ट्रेलियन ओपन परिणाम 2020 में बारबोरा स्ट्राइकोवा के साथ उपविजेता प्रदर्शन है।

सीह और मर्टेंस का सामना या तो नंबर 11 वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला किचेनोक और जेलेना ओस्टापेंको या नंबर 4 वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन राउटलिफ़ से होगा, जो पिछले साल के यूएस ओपन चैंपियन थे।

## फेडरर से मिले नीरज चोपड़ा, कहा यह मेरे लिए सपना सच होने जैसा



**ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड),** 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय ओलंपिक और विश्व चैंपियन जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर से मुलाकात की। दोनों सितारे स्विट्जरलैंड पर्यटन के राजदूत हैं, ज्यूरिख के ला रिजर्व ईडन औ लेक की सुरम्य पृष्ठभूमि में मिले। नीरज ने गुरुवार को फेडरर से मिलने के फोटोज सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने फोटो के कैप्शन में उन्हें टैग करने हुए लिखा, एक स्पोर्ट्स आइकन से मिलना बेहद सम्मान की बात है, जिनका करियर लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहा और अब भी बना हुआ है। आपसे बात करके बहुत अच्छा समय गुजरा और उम्मीद है कि हम दोबारा मिलेंगे। फेडरर के लिए, प्रशंसा पारस्परिक थी। 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने व्यक्तिगत और राष्ट्रीय सफलता के लिए उत्प्रेरक के रूप में उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प का हवाला देते हुए, नीरज की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की।

फेडरर ने कहा, मैं इस बात से आश्चर्यचकित हूं कि नीरज ने अपने धैर्य और दृढ़ संकल्प के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से और अपने देश के लिए कितना कुछ हासिल किया है। एक रिपोर्ट में 20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता के हवाले से कहा गया, यहां ज्यूरिख में उनसे मिलना बहुत अच्छा रहा। खेल भावना का परिचय देते हुए फेडरर ने नीरज को साइन किया हुआ एक टेनिस रैकेट भेंट किया, जबकि नीरज ने बदले में एशियाई खेलों की साइन की हुई भारत की जर्सी फेडरर को दी। मुलाकात पर विचार करते हुए नीरज ने स्विस दिग्गज से मिली बहुमूल्य सलाह के लिए आभार व्यक्त करते हुए जर्सी पर एक संदेश लिखा, आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। सलाह के लिए धन्यवाद; मैं इसका पालन करूंगा। आगामी पेरिस 2024 खेलों में अपनी ओलंपिक सफलता को दोहराने पर नजर गड़ाए हुए नीरज ने टोक्यो के बाद इतिहास बनाना जारी रखा है। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक रजत और एक अभूतपूर्व स्वर्ण पदक जीतकर और हांगझोऊ में एशियाई खेलों में अपना स्वर्ण बरकरार रखते हुए, वह भारत की खेल शक्ति के प्रतीक के रूप में खड़े हैं।

## सार संक्षेप

### 350 टेस्ट विकेट लेने वाले पांचवें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बने स्टार्क

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने गुरुवार को 350 टेस्ट विकेट लेने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, जिससे वह यहां द गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान इस मुकाम तक पहुंचने वाले पांचवें ऑस्ट्रेलियाई बन गए। मिचेल स्टार्क को 350 का आंकड़ा छूने के लिए सिर्फ दो विकेट की जरूरत थी। 20वें ओवर में उन्होंने तेगनारायण चंद्रपॉल को आउट करके अपने कौशल का प्रदर्शन किया और मील के पत्थर के क्षण के लिए मंच तैयार किया। 22वें ओवर में स्टार्क ने वेस्टइंडीज के युवा बल्लेबाज एलिक अथांजे के स्टंप उखाड़े और अपना 350वां टेस्ट विकेट हासिल किया। ऑस्ट्रेलियाई महान गेंदबाज़ों की सूची में स्टार्क खुद को एक खास क्लब में पाते हैं, जिसमें शेन वार्न 708 विकेटों के साथ सबसे आगे हैं। ग्लेन मैकग्रा (563), नाथन लियोन (512) और डेनिस लिली (355) स्टार्क से आगे हैं।

### जोकोविच ने बोपन्ना की प्रशंसा करते हुए साझा किया मजेदार पोस्ट

**नई दिल्ली।** 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई चैंपियन नोवाक जोकोविच ने भारतीय अनुभवी रोहन बोपन्ना की प्रशंसा की, जो बुधवार को 43 साल की उम्र में अपने साथी मैट एबडेन के साथ सबसे उम्रदराज विश्व नंबर 1 पुरुष युगल खिलाड़ी बन गए। हालांकि, अभी नई एटीपी रैंकिंग अपडेट होना बाकी है, जो ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के समापन के बाद सोमवार को जारी किया जाएगा। नोवाक जोकोविच ने इस भारतीय दिग्गज की तारीफ करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, अद्भुत प्रयास और इतनी कम उम्र में ऐसा करना और भी प्रभावशाली है। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने मार्गेट कोर्ट एरेना में छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी को 6-4, 7-6 (7-5) से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टरफाइनल जीत ने बोपन्ना को एटीपी रैंकिंग में मौजूदा विश्व नंबर 1, यूएसए के ऑस्टिन क्राईजेक से आगे कर दिया है। क्राईजेक, अपने क्रोएशियाई साथी इवान डोडिग के साथ दूसरे दौर में बाहर हो गए। बोपन्ना और एबडेन का सेमीफाइनल में मुकाबला झेंग झीझेन और थॉमस मैचेक की चेक-चीनी जोड़ी से होगा। इससे पहले मंगलवार को मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच ने मेलबर्न की गर्मी में चार घंटे की कड़ी परीक्षा का सामना किया और अंततः टेलर फ्रिट्ज़ को 7-6(3), 4-6, 6-2, 6-3 से हरा दिया। जोकोविच ने लगातार 33वीं ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत दर्ज की। साथ ही मोनिका सेलेस के रिकॉर्ड की बराबरी की और 48वें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

## विराट कोहली ने जीता 'आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर-2023' का अवॉर्ड






**दुबई,** 25 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर-2023 के खिताब से नवाजे गए। उनके लिए साल 2023 बेहद शानदार रहा, जहां उन्होंने बल्ले से रनों की बौछार की। साल 2023 में विराट कोहली की क्रिकेट गाथा का चरम निस्संदेह आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में उनका प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट प्रदर्शन था। कोहली ने न केवल भारत को फाइनल में पहुंचाया, बल्कि, क्रिकेट इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया।

इस दौरान विराट ने 6 शतक भी लगाए, जिसमें से 3 शतक तो वर्ल्ड कप 2023 के दौरान ही आए। वर्ल्ड कप में कोहली ने 11 पारियों में 95 की औसत से 765 रन बनाए, जो एक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रनों का नया रिकॉर्ड है। सेमीफाइनल के दौरान वनडे प्रारूप में अपना रिकॉर्ड 50वां शतक पूरा करते हुए कोहली का योगदान उनकी दृढ़ संकल्प का प्रतीक बन गया।

भारतीय बल्लेबाज़ ने वर्ष का समापन 72.47 की औसत से 1,377 रनों के साथ किया, जो उनकी निरंतरता और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता का प्रतिबिंब है। 24 पारियों में 6 शतक और 8 अर्धशतक ने कोहली की रन-स्कोरिंग मशीन के रूप में स्थिति को मजबूत किया।

### पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 से नवाजे गए कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस साल 2023 में चैंपियन के रूप में उभरे और अब आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 से नवाजे गए हैं। बल्ले और गेंद दोनों से पैट कमिंस के दमदार प्रदर्शन और उनके प्रेरणादायक नेतृत्व ने कई टीम प्रशंसाओं का मार्ग प्रशस्त किया। जिसमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऐतिहासिक जीत, एशेज को सफलतापूर्वक बरकरार रखना और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में रिकॉर्डतोड़ छठी जीत शामिल है। कमिंस ने 24 मैचों में 59 विकेट लिए और बल्ले से 422 रनों का योगदान दिया। कमिंस की यात्रा 2021 के अंत में कप्तान के रूप शुरू हुई। एक ऐसी भूमिका जिसने टीम की किस्मत में बदलाव देखा। अधिक जिम्मेदारी वाले पदों पर अपने खेल को ऊपर उठाने की कप्तान की क्षमता ने न केवल टीम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया बल्कि एक असाधारण क्षमता वाले खिलाड़ी के रूप में उनकी विरासत को भी मजबूत किया। वर्ष 2023 कमिंस और उनकी टीम के लिए उपलब्धियों की कहानी के रूप में सामने आया। भारत से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हारने के झटके के बाद ऑस्ट्रेलिया ने ओवल में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत पर शानदार जीत के साथ वापसी की।

इस जीत ने इंग्लैंड में एशेज की सफल रक्षा की नींव रखी और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में एक वापसी के रूप में परिणत हुई। कमिंस का योगदान उनके नेतृत्व से कहीं आगे तक बढ़ा, क्योंकि उन्होंने टेस्ट क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया। वनडे मैचों में कमिंस ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण पारियां खेलकर और अपनी किफायती गेंदबाजी से महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल करके अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वर्ष का समापन कमिंस द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार 10 विकेट लेने के साथ हुआ, जिससे उनकी शानदार उपलब्धि में एक और उपलब्धि जुड़ गई।